दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-126 नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) गुरूवार 25 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## कोलकाता के तारातला में निर्माणाधीन गोदाम की छत गिरने से कई मजदूर दबे, पांच की मौत



कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां तारातला के पास बन रहे एक गोदाम की छत अचानक ढह गई, जिसमें कई मजदूर दब गए। घटना दोपहर करीब 1:30 बजे ब्रेस ब्रिज रेलवे स्टेशन के पास ऑक्टेवियस टी एंड इंडस्ट्रीज के गोदाम में हुई है। हादसे के समय यहां 35 से 40 मजदूर काम कर रहे थे। अभी तक 5 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है।सूत्रों ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि लोहे और सीमेंट से बनी 3 मंजिला गोदाम का निर्माण लगभग एक साल से चल रहा था। इसमें मरम्मत का काम भी जारी था। बुधवार सुबह गोदाम की तीसरी मंजिल धराशायी हुई, जिसके बाद पूरा गोदाम ढह गया और मजदूर मलबे में दब गए। जिससे कई मंजिलें ढह गईं और मजदूर मलबे के नीचे दब गए। तारताला पुलिस थाने की टीम और दमकल कर्मी मौके पर मौजूद हैं।मौके पर सेना के जवानों को भी मदद के लिए बुलाया गया है। बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल मौके पर पहुंच गई हैं।

### पश्चिम बंगाल के मालदा में नाव पर आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत, 15 घायल

मुर्शिदाबाद/मालदा, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मालदा में गंगा नदी पर चल रही एक यात्री नाव पर जबरदस्त आसमानी बिजली गिरी. इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. आशंका है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है. यह घटना मंगलवार दोपहर मालदा के परलालपुर फेरी घाट पर हुई.यह दुखद घटना मुर्शिदाबाद के धूलियन गंगा घाट से मालदा के परलालपुर घाट जा रही एक यात्री नाव के साथ हुई. 25 से 30 यात्रियों को लेकर नाव गंगा पार करके परलालपुर घाट पहुँच गई थी लेकिन, यात्रियों के उतरने के कुछ ही देर बाद आसमान में अचानक काले बादल छा गए और बिजली कड़कने के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन किया

## विपक्षी दलों से कांग्रेस की अपील, बोली- एकजुटता ही जीत की कुंजी



नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को युवाओं के भीतर पनप रहे भारी असंतोष का नतीजा करार दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल प्रदर्शनों और आंदोलनों के बलबूते लोकतांत्रिक व्यवस्था को नहीं चलाया जा सकता। किसी भी जनहित के मुद्दे को तार्किक परिणति तक पहुँचाने का अंतिम उत्तरदायित्व राजनीतिक दलों और उनके संगठनों पर ही होता है।एक हालिया बातचीत में रमेश ने उल्लेख किया कि सीजेपी को लेकर बाजार में कई तरह की अटकलें हैं। कुछ लोग इसके पीछे किसी अदृश्य ताकत का हाथ मान रहे हैं, तो कुछ इसे छात्रों के स्वाभाविक गुस्से के रूप में देख रहे हैं। हकीकत चाहे जो भी हो, इस अभियान ने सोशल मीडिया पर एक बड़ी बहस को जन्म दिया है और नौजवानों की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने साफ किया कि यह कोई राजनीतिक दल नहीं है, इसलिए युवाओं के इस संघर्ष को आगे बढ़ाने का काम स्थापित सियासी पार्टियों को ही करना होगा।

### हवा में अचानक कैसे बंद हुआ एयर इंडिया विमान का इंजन? 260 लोगों की मौत के राज से उठेगा पर्दा; अमेरिका से आई अहम रिपोर्ट

अहमदाबाद(आरएनएस)। पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 के भीषण हादसे की जांच में एक बेहद अहम अपडेट सामने आया है। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले हादसे में 260 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि केवल एक यात्री विश्वासकुमार रमेश ही किसी तरह जिंदा बच सके थे। इस अभागे विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक और 10 केबिन क्रू के सदस्य मौजूद थे। अब इस मामले में अमेरिकी एविएशन कंपनी जीई एयरोस्पेस ने विमान के इंजनों की अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट भारत को सौंप दी है। सभी जरूरी दस्तावेज मिलने के बाद अब एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) इन तथ्यों का गहन विश्लेषण कर रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले दो महीनों के भीतर इस खौफनाक हादसे की अंतिम और फाइनल रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी।



## सांसदों के बाद उद्धव की शिवसेना पर नई आफत, छिन सकता है संसद में मिला दफ्तर

मुंबई (आरएनएस)। लोकसभा सांसदों की बगावत के झटके से उबर रही शिवसेना (उद्धव) को एक और बड़ा झटका लगने जा रहा है। सांसदों की संख्या में कमी के बाद अब संसद भवन परिसर में पार्टी को मिले कार्यालय पर खतरा मंडरा रहा है। बागी सांसदों के औपचारिक विलय के बाद शिवसेना (उद्धव) के पास सिर्फ 4 सांसद ही बचेंगे। ऐसे में अब संसद भवन परिसर में पार्टी के कार्यालय के आवंटन पर संकट मंडराने लगा है।



संसदीय नियमों के तहत, संसद भवन परिसर के भीतर अलग कार्यालय आमतौर पर केवल 5 या इससे ज्यादा सांसदों वाली पार्टियों को ही आवंटित किया जाता है। उद्धव की शिवसेना के पास अब 4 ही सांसद रह जाएंगे, ऐसे में आशंका है कि उसे आवंटित किया गया कार्यालय वापस लिया जा सकता है। पार्टी के संसदीय दल का कार्यालय फिलहाल पुराने संसद भवन भवन के संविधान सदन के कमरा नंबर 128ए से संचालित होता है।

सांसदों की बगावत के बीच लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उद्धव की शिवसेना को बैठक के लिए बुलाया है।

ठाकरे गुट का कहना है कि बागी सांसदों को अलग गुट के तौर पर मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। दोनों नेता स्पीकर से अनुरोध करेंगे कि पार्टी की आधिकारिक पहचान और अधिकार उद्धव गुट के पास ही रहें।

22 जून को शिवसेना (उद्धव) के 6 सांसद- संजय जाधव, भाऊसाहेब वाकचौरे, ओमप्रकाश निंबालकर, संजय पाटिल, संजय देशमुख और नागेश पाटिल अष्टीकर औपचारिक रूप से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे।

## मानसून MP पहुंचा, 9 दिन लेट एंट्री

### 4 दिन में पूरा राज्य कवर करेगा; मुंबई में बारिश से पेड़ उखड़े, कई गाड़ियां दबीं



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश-गुजरात में बुधवार को 9 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई। दोनों राज्यों में मानसून आने की सामान्य तारीख 15 जून रहती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अगले 4 दिन में पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर सकता है। इसी के साथ मानसून ने अब देश के 22 राज्यों को कवर कर दिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है।

वहीं, मंगलवार को मुंबई में 13 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई थी। इसके बाद से मुंबई में तेज बारिश जारी है। मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 7 बजे तक मलवणी फायर स्टेशन में 334mm और एफ/साउथ वार्ड में 328mm बारिश हुई। 27 इलाकों में 200mm से 300mm के बीच बारिश हुई।

मुंबई में अंधेरी सब-वे में पानी भर गया। इसे अस्थाई रूप से बंद किया गया है। विक्रोली वेस्ट में रिहायशी इमारत के पास बनी रिटेनिंग वॉल गिर गई। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, जिसकी चपेट में आने से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा।

इधर, अरुणाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज सुबह कीयी पन्योर जिले में याजाली सर्किल के नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी में बाढ़ आ गई। घटना में 3 लोग लापता हुए हैं। 18 से ज्याद घरों को नुकसान पहुंचा है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।मौसम विभाग की शेयर की गई इमेज के मुताबिक आधे से ज्यादा देश मानसून ने कवर कर लिया है।मौसम विभाग की शेयर की गई इमेज के मुताबिक आधे से ज्यादा देश मानसून ने कवर कर लिया है।देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश में पहुंच सकता है।

7 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40°C पार

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और गुजरात के कई शहरों में बुधवार को पारा 40 C से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा उत्तर प्रदेश के बांदा में 43.3एष्ठ दर्ज किया गया।

### अरुणाचल में भारी बारिश से आई बाढ़ ने मचाई तबाही, डूबे कई गांव, हाईवे पुल बहा



ईटानगर,(आरएनएस)। अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। राज्य के निचले सुबनसिरी और केयी पन्योर जिलों में तेज बारिश के कारण कई गांव पानी में डूब गए हैं। घरों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बह गया। मुख्य हाईवे पुल बह गया है। मौसम विभाग के अनुसार, केवल 3 घंटे (सुबह 6 से 9 बजे) के भीतर ही बहुत तेज बारिश हुई, जिससे नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया और बाढ़ जैसे हालात बन गए।अचानक हुई इस भारी बारिश के कारण लुक्सिन गांव और तोरू सर्कल के अंतर्गत आने वाले यियी-1 और यियी-2 गांवों में बाढ़ आ गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह 6:30 बजे के तुरंत बाद बाढ़ का पानी घरों में घुस गया और खेतों में फैल गया।शुरुआती नुकसान के आकलन से पता चलता है कि लुक्सिन गांव में दुखुम आदि का घर और कई अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। अनानास, केले और संतरे के बागानों सहित खड़ी बागवानी और कृषि फसलें भी प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने कहा कि विस्तृत रिपोर्ट अभी तैयार की जा रही है।




### दिल्ली में 10 वर्षीय बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या, 7 घंटे में ऐसे पकड़ा गया आरोपी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के महरौली में 10 साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मुठभेड़ के दौरान उसे गोली लगी है। आरोपी कैब ड्राइवर ने 22 जून की सुबह महरौली के फुटपाथ से बच्ची को अगवा किया था। इसके बाद बलात्कार कर हत्या कर दी और शव जंगल में फेंक दिया। आइए जानते हैं पुलिस ने कैसे घंटों के भीतर ही घटनाक्रम का खुलासा किया।

आरोपी ने 22 जून की सुबह करीब 4 बजे बच्ची को अगवा किया था। बच्ची अपने परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार के छपरा का रहने वाला आरोपी बाशु कुमार सिंह घटना के वक्त नशे में था। वो उस इलाके में एक सवारी को लेने आया था, लेकिन बुकिंग रद्द होने के बाद उसकी नजर बच्ची पर पड़ी। इसके बाद उसने बच्ची को कैब में अगवा कर लिया।

एफआईआर के मुताबिक, बच्ची के पिता सुबह लगभग 4:15 बजे उठे और पाया कि उनकी बेटी गायब है। उन्होंने देखा कि उनकी बेटी गाड़ी के अंदर चीख रही थी। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि यह सब कैसे हुआ। मैं सो रहा था और जब मेरी नींद खुली तो मैंने देखा कि मेरी बेटी वहां नहीं थी। मैंने उसकी चीख सुनी। मैंने एक डंडा उठाया और कार के पीछे भागा, लेकिन वह भाग गई... उसका आखिरी शब्द पापा था।

## लखनऊ अग्निकांडः अखिलेश यादव बोले, समय पर कार्रवाई होती तो बच सकती थी बच्चों की जान



लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ के अलीगंज में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी, राहत एवं बचाव कार्यों में देरी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण कई मासूम बच्चों की जान चली गई। सपा प्रमुख ने मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए कहा कि सरकार इस त्रासदी की नैतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। सपा मुख्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि अलीगंज की घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा नियमों का पालन कराया गया होता और बचाव उपकरण उपलब्ध होते तो कई बच्चों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने सवाल उठाया कि राहत कार्य के दौरान दीवारें तोड़ने के लिए आधुनिक उपकरणों के बजाय हथौड़ों का इस्तेमाल क्यों किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में इससे पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन उनसे कोई सबक नहीं लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकता जवाबदेही तय करने के बजाय घटनाओं को दबाने की रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने बच्चे को खोने से बड़ा दुख नहीं हो सकता और इस पीड़ा को केवल वही परिवार समझ सकता है जिसने अपना लाल खोया हो।

उन्होंने सरकार से मृतक बच्चों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि हादसे की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### आलू के बोरे में 2 करोड़ 31 लाख की शराब ले जा रहा तस्कर, फिर खाकी ने ऐसे प्लान पर फेरा पानी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। कोतवाली पुलिस और एसओजी (क्राइम ब्रांच) टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने पंजाब से बिहार ले जाई जा रही करीब 2 करोड़ 31 लाख रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, औद्योगिक नगर चौकी क्षेत्र के मिल्कीपुर-ताहिरपुर हाइवे पर मंगलवार को कोतवाली प्रभारी विजय प्रताप सिंह और एसओजी टीम द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान वाराणसी की ओर से आ रहे ट्रक संख्या जेके02बीपी1812 को रोकने का प्रयास किया गया. पुलिस को देखकर चालक ने ट्रक तेज गति से भगाकर फरार होने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया.तलाशी के दौरान ट्रक में लदी आलू की बोरियों के नीचे छिपाकर रखी गई 925 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई. जांच में पाया गया कि शराब की कुल मात्रा लगभग 8222.8 लीटर है और सभी पेटियों पर सिर्फ़ पंजाब में बिक्री के लिए अंकित था, जिससे स्पष्ट हुआ कि शराब पंजाब से बिहार तस्करी के लिए भेजी जा रही थी।

### 1 जुलाई से लागू होगी वीबी जी राम जी योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल



रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के ग्रामीण परिवारों को आजीविका और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा आगामी 1 जुलाई 2026 से लागू की जा रही वीबी जी राम जी (विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण) योजना को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और जिला स्तर पर लगातार प्रशिक्षण, बैठकें और ग्राम सभाएं आयोजित कर ग्रामीणों को योजना के विभिन्न प्रावधानों एवं लाभों की जानकारी दी जा रही है। योजना के प्रति ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न गांवों में आयोजित ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर योजना की जानकारी प्राप्त की तथा इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोग का संकल्प लिया। इसी क्रम में बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत बेरला की ग्राम पंचायत सांकरा एवं देवरी में ग्रामीणों ने योजना के प्रचार-प्रसार के लिए अनूठी पहल करते हुए मानव श्रृंखला का निर्माण किया।





# जो एक बार मध्यप्रदेश आता है, वह यहीं का होकर रह जाता है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित मध्यप्रदेश पर आयोजित कॉन्क्लेव को किया संबोधित

भोपाल (निप्र) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समय तभी बदलता है, जब संकल्प बड़ा होता है। सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का समय बदला है। विश्व के कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से प्रधानमंत्री श्री मोदी को विभूषित किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत @ 2047 और अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार का यह प्रयास होगा कि इसमें से लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर का योगदान मध्यप्रदेश का हो। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी के सेवा, सुशासन और जन कल्याण के संकल्पों को पूर्ण करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश की गिनती देश के सबसे तेजी से प्रगति करने वाले राज्यों में हो रही है। हम विरासत भी और विकास भी के पथ पर लगातार अग्रसर हो रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस है। उन्होंने रानी दुर्गावती का स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेशवासी रानी दुर्गावती के बलिदान को सदैव याद रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विकसित मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम




का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कॉन्क्लेव में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सूक्ष्म लघु एवं उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप, मुख्य सचिव अनुराग जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में शामिल उद्योगपतियों से राज्य में मौजूद निवेश संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की विशेषता है कि एक बार जो मध्यप्रदेश आता है, यहीं का होकर रह जाता है। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार जगत के प्रतिनिधि, निवेशक, बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि तथा नीति निर्माता शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पिछले तीन साल से विकास का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में नए उद्योग स्थापित करने के लिए पर्याप्त लैंड बैंक है। राज्य सरकार ने उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार करने लिए पारदर्शी और उद्योग मित्र नीतियां लागू की हैं। मध्यप्रदेश की इन्हीं विशेषताओं के कारण निवेशक उद्योग लगाने के लिए राज्य में आ रहे हैं। देश के मध्य में स्थित होने के कारण उन्हें कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स का विशेष लाभ भी मिलेगा। प्रदेश सरकार ने चारों दिशाओं में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए अधोसंरचना विकास पर विशेष बल दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में भोपाल में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ और एमओयू साइन हुए। यह प्रसन्नता का विषय है कि 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को राज्य सरकार धरातल पर ला चुकी है। मध्यप्रदेश की छवि कृषि प्रधान राज्य के साथ उद्योग मित्र राज्य की भी बनी है। राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग और रोजगार को समर्पित किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय युवा प्रतिभाओं ने दुनिया की बड़ी से बड़ी कंपनियों में शीर्ष पदों पर पहुंचकर भारत का मान बढ़ाया है। स्पेस टेक्नोलॉजी में भारतीय वैज्ञानिकों ने नए कीर्तिमान गढ़े हैं। राज्य सरकार ने भी अपनी स्पेस-टेक पॉलिसी लॉन्च की है। मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# संभागायुक्त ने किया संभागीय कार्यालय का निरीक्षण

### - बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता पर विशेष जोर



भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश के भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने बुधवार को संभागीय कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और विभिन्न कार्यालयों कार्य की प्रगति, दस्तावेज़ों के संधारण तथा राजस्व प्रकरणों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से कार्यप्रणाली, फाइल प्रबंधन और ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। संभागायुक्त शर्मा ने आयुक्त कार्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था एवं अनुशासन के लिए विभिन्न अनुभागों स्थापना, लेखा एवं राजस्व में साफ-सफाई एवं फाइलों की उचित रख-रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारी और कर्मचारी के लिये बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली प्रारंभ करने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त राजस्व कार्यालय में रिकार्ड संधारण में शुद्धता और सुव्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी विभागीय कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। इस अवसर पर अपर आयुक्त शिवराज सिंह वर्मा उपस्थित थे।

# ट्विशा शर्मा मौत मामले में एम्स पहुंची सीबीआई, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों से की पूछताछ



भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में जांच तेज करते हुए दिल्ली से आई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम मंगलवार को एम्स भोपाल पहुंची। टीम ने करीब दो घंटे तक अस्पताल परिसर में रहकर पूरे घटनाक्रम की बारीकी से पड़ताल की और संबंधित डॉक्टरों व स्टाफ से पूछताछ की। इसके अलावा हर तरह के मेडिकल एंगल पर डॉक्टर्स से बातचीत भी की।जानकारी के अनुसार, सीबीआई अधिकारियों ने टीम ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से पूछताछ करते हुए यह जानने की कोशिश की कि मरीज को किस हालत में लाया गया। इसके साथ ही सीबीआई ने पोस्टमॉर्टम से जुड़े डॉक्टरों से भी विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया, रिपोर्ट तैयार करने के आधार और उससे जुड़े तकनीकी पहलुओं को लेकर सवाल-जवाब किए।




**भोपाल,( निप्र )। मध्य प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्षजयभान सिंह पवैया की अध्क्षता में आज भोपाल संभाग की बैठक संभागायुक्त कार्यालय में संपन्न हुई है।**

# सिग्नलिंग सिस्टम देखने भोपाल पहुंची CMRS:सुभाषनगर से एम्स के बीच 2 दिन बंद रहेगी मेट्रो; ओके रिपोर्ट के बाद नया शेड्यूल आएगा

भोपाल( निप्र) । मेट्रो की टाइमिंग अभी 75 मिनट पर है। यानी, इतने समय में लोगों को मेट्रो मिल रही है। नया सिस्टम लागू होने के बाद यह दिक्कत नहीं होगी। मेट्रो की टाइमिंग अभी 75 मिनट पर है। यानी, इतने समय में लोगों को मेट्रो मिल रही है। नया सिस्टम लागू होने के बाद यह दिक्कत नहीं होगी। राजधानी भोपाल के सुभाषनगर से एम्स के बीच दौड़ रही मेट्रो अगले 2 दिन यानी, बुधवार और गुरुवार को बंद रहेगी। यह आम लोगों के लिए नहीं दौड़ेगी। दो दिन तक कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) सिग्नलिंग सिस्टम की जांच करेगी। यह टीम भोपाल पहुंच गई है। निरीक्षण के बाद टीम ओके रिपोर्ट देगी। इसके बाद सिग्नलिंग सिस्टम चालू हो जाएंगे। जिससे मेट्रो का नया शेड्यूल और टाइमिंग तय होगी। जुलाई में सिग्नलिंग सिस्टम चालू होने के बाद नया शेड्यूल जारी होगा। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार, निरीक्षण एवं परीक्षण पूरा होने के बाद 26 जून से मेट्रो फिर से अपने निर्धारित समय पर दौड़ने लगेगी।सुभाष नगर से एम्स के बीच करीब 7 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर सिग्नलिंग सिस्टम का काम पूरा हो गया है। भोपाल और इंदौर मेट्रो में ऑरेंज-येलो लाइन के 2 रूट 30 किलोमीटर लंबे हैं। फिलहाल 12 किमी में ही मेट्रो दौड़ रही है, लेकिन इसकी रफ्तार काफी धीमी है। इस वजह से सवाल उठने लगे हैं।

# युवक ने सेक्स करने से मना किया तो की हत्या

### भोपाल में आरोपी युवक बोला- खाना खिलाया था मैंने, वो मांग पूरी नहीं कर रहा था

भोपाल (ए.)। भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में मिले युवक के अंधे कत्ल का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने युवक के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की थी। विरोध करने पर उसने पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद मृतक का मोबाइल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।कटारा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक 24 मई को इकोलॉजिकल पार्क के पास पुलिया किनारे एक युवक का कई दिन पुराना शव मिला था। शव की हालत खराब होने के कारण उसकी पहचान करने में समय लगा। बाद में पुलिस ने मृतक की पहचान भोपाल निवासी के रूप में की, जो मंडीदीप स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक का मोबाइल फोन गायब है। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की तो वह एक व्यक्ति के पास मिला। पूछताछ में उस व्यक्ति ने बताया कि उसने मोबाइल अजय मायना नाम के युवक से खरीदा था।इसके बाद पुलिस ने अजय मायना को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि घटना वाली रात वह शिकार की तलाश में घूम रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात नशे की हालत में मिले युवक से हुई। आरोपी ने पहले उसे खाना खिलाया और फिर अपने साथ पुलिया के नीचे ले गया वह युवक के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाना चाहता था, लेकिन युवक ने इसका विरोध किया। इस बात से नाराज होकर आरोपी ने पत्थर से उसके सिर पर हमला



# पुलिस प्रशिक्षण शालाभौंरी में 572 नव आरक्षकों के बुनियादी प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

### 449 महिला एवं 123 पुरुष नव आरक्षक प्राप्त करेंगे आधुनिक पुलिसिंग, कानून, साइबर अपराध एवं जनसेवा आधारित प्रशिक्षण




भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस पेशेवर , संवेदनशील एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के लिए अपने मानव संसाधनों के क्षमता विकास पर निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी परिसर स्थित पुलिस प्रशिक्षण शाला (पीटीएस), भौंरी, भोपाल में 23 जून को5वें नव आरक्षक बैच के 572 नव आरक्षकों के बुनियादी प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ पुलिस उप महानिरीक्षक (ग्रामीण), भोपाल राजेश सिंह चंदेल के मुख्य आतिथ्य मेंहुआ। इस बैच में 449 महिला एवं 123 पुरुष नव आरक्षक शामिल हैं, जो पुलिस बल में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता और सशक्त उपस्थिति को भी रेखांकित करता है।मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के मार्गदर्शन में संचालित यह प्रशिक्षण सत्र नव आरक्षकों को शारीरिक दक्षता, विधिक ज्ञान, पुलिसिंग कौशल, तकनीकी समझ, नेतृत्व क्षमता तथा जनसेवा के मूलभूत मूल्यों से परिचित कराएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बदलते अपराध परिदृश्य, साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग तथा नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग के विभिन्न आयामों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।ताकि वे आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप प्रभावी, संवेदनशील एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग के लिए तैयार हो सकेंकार्यक्रम में उपनिदेशक मध्यप्रदेश अकादमी, भोपाल डॉ. संजय कुमार अग्रवाल, सहायक निदेशक प्रशिक्षण श्रीमती रश्मि पाण्डेय, उप पुलिस अधीक्षक नीरज नामदेव, राजीव त्रिपाठी, एडीपीओ श्रीमती सुचित्रा वर्मा,जितेंद्र अग्निहोत्रीसहित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी एवं पुलिस प्रशिक्षण शाला के वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगरीय निकायों एवं पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के संबंध में बैठक 29 जून को

भोपाल (ए.)। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 की समीक्षा बैठक 29 जून को 4:30 बजे आयोजित की गई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), रजिस्ट्रीकरण/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक अधीक्षक (स्थानीय निर्वाचन) शामिल होंगे। बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। बैठक में अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत एवं रिपीट मतदाओं की जॉच सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

# मुख्य सचिव श्री जैन ने की विभागीय समीक्षा

### सीएम हेल्पलाइन और लोकसेवा गारंटी के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के दिये निर्देश



भोपाल (ए.)। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे आमजन को सीधे राहत पहुंचाने वाली लोकसेवा गांरटी योजना और सी.एम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय-सीमा में संतुष्टिदायक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागाध्यक्षों से वार्षिक कार्य-योजना भी शीघ्र देने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन बुधवार को मंत्रालय में विभागीय कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी योजना के प्रकरणों का विभागाध्यक्ष साप्ताहिक रिव्यू और मानीटरिंग करें। निचले स्तर के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा हो और समय-अवधि में ही प्रकरण निराकृत हों। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष कार्यालय तक तो प्रकरण आना ही नहीं चाहिए।

# भोपालः कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की होगी जांच, गठित संयुक्त जांच ने शुरू किया निरीक्षण




भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर कोचिंग संस्थानों पर फायर विभाग ने जांच शुरू कर दी है। हाल ही में देश के अलग-अलग शहरों में हुई घटनाओं के बाद फायर विभाग ने बुधवार को शहर में व्यापक निरीक्षण अभियान शुरू किया है। दरअसल, भोपाल कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रियंक मिश्रा ने शहर में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का व्यापक परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत अग्नि सुरक्षा, भवनों की संरचनात्मक स्थिरता, विद्युत सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं आपातकालीन निकासी व्यवस्थाओं की सघन जांच के लिए अपर कलेक्टर द्वारा एम.पी. नगर क्षेत्र स्थित कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण एवं सुरक्षा मानकों के परीक्षण के लिए एक संयुक्त जांच दल का गठन किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी (नजूल) एम.पी. नगर के नेतृत्व में गठित इस दल में नगर निगम भोपाल के अग्निशमन अधिकारी, विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारी तथा सहायक पुलिस आयुक्त, क्षेत्रीय भोपाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।बुधवार को संयुक्त दल ने कोचिंग संस्थानों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक कई संस्थानों में वेंटिलेशन की कमी, इमरजेंसी एग्जिट की अपर्याप्त व्यवस्था और जरूरी दस्तावेजों का अभाव पाया गया। कुछ जगहों पर बाहर लगे बड़े होर्डिंग्स भी वेंटिलेशन में बाधा बन रहे हैं, जिससे आपात स्थिति में खतरा बढ़ सकता है।फायर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फिजिक्स वाला नामक कोचिंग क्लास को सील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार इस संस्थान में फायर सेफ्टी से जुड़ी कमियां और आवश्यक दस्तावेजों का अभाव पाया गया। विभाग ने संकेत दिए हैं कि अन्य संस्थानों पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है।निरीक्षण में यह सामने आया कि कई कोचिंग सेंटर्स में फायर सिस्टम लगा हुआ और चालू स्थिति में है। हालांकि इसके बावजूद वेंटिलेशन और सुरक्षित निकासी मार्गों की कमी को गंभीर लापरवाही माना जा रहा है। फायर विभाग का कहना है कि केवल उपकरण लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि सभी सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी है।फायर ऑफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग सेंटर्स के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक कर सकेंगे विद्यार्थी

भोपाल (ए.)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किये जा सकेंगे। योजना के प्रभावी संचालन के लिए एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।योजना के अंतर्गत अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी पात्रतानुसार स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही जिला कार्यालयों में प्राप्त ऑफलाइन आवेदनों को भी संयुक्त अथवा उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का परीक्षण जिला स्तर पर किया जाएगा। पात्रता एवं नियमानुसार आवेदनों को स्वीकृत किया जाएगा तथा अपात्र पाए जाने वाले आवेदनों को अस्वीकृत किया जाएगा। विद्यार्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है।

# म.प्र. कांग्रेस ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर सीबीआई जांच की मांग की

### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी




भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश कांग्रेस धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रकोष्ठ ने इन मामलों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष साध्वी ऋचा गोस्वामी, प्रदेश संयोजक शिवनारायण शर्मा, सहसंयोजक ओंकारदास वैष्णव, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर भारती सहित पुजारी संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।मुकेश नायक ने कहा कि राम मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों के संचालन और चढ़ावे के प्रबंधन को लेकर समय-समय पर प्रश्न उठते रहे हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा दान में दी गई सोने-चांदी की राम शिलाओं का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि इनके उपयोग और संरक्षण को लेकर अधिक पारदर्शिता आवश्यक है। उनका कहना था कि देश के करोड़ों श्रद्धालुओं को यह जानने का अधिकार है कि धार्मिक संस्थाओं को प्राप्त दान और संसाधनों का उपयोग किस प्रकार किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरई नाला, जबलपुर में रानी दुर्गावती समाधि स्थल पर पूजा अर्चना की।

# आंगन में खेल रहे ढाई साल के मासूम को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत, परिजनों का चक्काजाम

## चालक पर जानबूझकर वाहन चढ़ाने का आरोप, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

रायसेन, (ए.)। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र स्थित बोरखेड़ी गांव में एक दर्दनाक हादसे में ढाई साल के मासूम की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। परिजनों ने चालक पर जानबूझकर ट्रैक्टर चढ़ाने का गंभीर आरोप लगाते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार, बोरखेड़ी निवासी प्रमोद का ढाई वर्षीय पुत्र राजवीर मंगलवार को अपने घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम



गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने इसे महज हादसा मानने से इनकार कर दिया। उनका आरोप है कि ट्रैक्टर चालक और उनका परिवार गांव का ही रहने वाला है तथा बच्चे को जानबूझकर वाहन से कुचला गया है।

# खेती के साथ-साथ उद्यानिकी एवं दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जाए : कृषि उत्पादन आयुक्त श्री गुप्ता




ग्वालियर (ए.)। प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त के सी गुप्ता ने कहा है कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये परंपरागत खेती से अधिक आय वाली फसलों में शिफ्ट किया जाना चाहिए। किसानों को आधुनिक खेती के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी देने का कार्य भी कृषि वैज्ञानिक को करना चाहिए। कृषि उत्पादन आयुक्त के सी गुप्ता ने बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग में रबी वर्ष 2025-26 की समीक्षा एवं खरीफ 2026 की तैयारियों के लिये आयोजित समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में कृषि सचिव निशांत बरबड़े, संचालक कृषि श्री भार्गव सहित अन्य कृषि संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। ग्वालियर-चंबल संभाग में खरीफ वर्ष 2026 की तैयारियों के लिये आयोजित समीक्षा बैठक में ग्वालियर संभाग के आयुक्त मनोज खत्री संभागीय आयुक्त कार्यालय में संभागीय अधिकारियों के साथ एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष से जिला अधिकारियों के साथ शामिल हुईं। इसके साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टर अपने-अपने जिले के एनआईसी कक्ष से समीक्षा बैठक में शामिल हुए।उत्पादन आयुक्त श्री गुप्ता ने जिला कलेक्टरों से कहा है कि वे अपने-अपने जिले में किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ ऐसी फसलों को लेने के लिये प्रेरित करें, जिसका बाजार में अधिक मूल्य मिलता है। इसके साथ - साथ उद्यानिकी एवं पशुपालन के लिये भी किसानों को प्रेरित किया जाए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय सोशल मीडिया का समय है। इसका उपयोग किसानों के हित में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे नवाचारों और कृषि को बढ़ावा देने के लिये किए जा रहे सार्थक प्रयासों से भी किसानों को अवगत कराया जाए।कृषि उत्पादन आयुक्त के सी गुप्ता ने कहा कि किसानों को ग्वालियर-चंबल संभाग में धान की फसल लेने से हतोत्साहित किया जाए और अन्य फसलें लेने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि किसानों को खेत तालाब निर्माण के लिये प्रेरित किया जाए।

# शिवपुरी में फर्जी BPL कार्ड से दो आवास हड़पने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी जिले के सिरसौद थाना अंतर्गत ग्राम रायचंद खेडी में शासकीय योजनाओं का लाभ फर्जी तरीके से लेने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत ईटमा निवासी जमादार यादव ने कलेक्टर को आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदक जमादार यादव पुत्र गजराज सिंह यादव का आरोप है कि शिवपुरी जनपद के रायचंद खेडी निवासी राकेश यादव पुत्र मानसिंह यादव ने फर्जी रूप से ग्राम छिरेंटा के नाम से BPL राशन कार्ड बनवाया और डबल आईडी तैयार कर ली। शिकायत के अनुसार राकेश यादव ने आज से 15 वर्ष पूर्व छिरेंटा गांव में आवास योजना के तहत मकान मंजूर कराकर निर्माण कर लिया। इसके बावजूद वर्ष 2024-25 में उसने पुन: रायचंद खेडी में दूसरा आवास मंजूर करा लिया और मकान बनवाकर तैयार कर लिया, जो नियमों के पूर्णत: विपरीत है। आवेदन में यह भी आरोप है कि राकेश यादव फर्जी रूप से जय भैरो बाबा के नाम से स्व-सहायता समूह संचालित कर रहा है, जबकि उसकी माँ विद्याबाई, उम्र 65 वर्ष, आज भी रसोईया के पद पर कार्यरत हैं। जमादार यादव ने बताया कि वह स्वयं गरीब है और आज भी कच्ची टपरिया में निवास कर रहा है, लेकिन उसे आज दिनांक तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला।




# जिले में झमाझम बारिश का सिलसिला शुरू, खरीफ की बुआई का कार्य भी प्रारंभ

## इस वर्ष जिले में ढ़ाई लाख हेक्टेयर रकबे में होगी खरीफ फसलों की बोनी



इंदौर,(ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में मंगलवार की शाम से बारिश का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। जिले में बुधवार की सुबह साढ़े 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में 22.4 मिलीमीटर (लगभग एक इंच) औसत वर्षा हो चुकी है। बारिश शुरू होते ही जिले में खरीफ की बुआई का कार्य भी शुरू हो गया है। कृषि उप संचालक सीएल केवड़ा ने बताया कि जिले में वर्ष खरीफ सीजन में कुल 2 लाख 52 हजार 624 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का क्षेत्राच्छादन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से 2 लाख 33 हजार हेक्टेयर रकबे में सोयाबीन की बोनी होगी, जो कुल क्षेत्र का लगभग 92 प्रतिशत है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में अल नीनो के प्रभाव के कारण मौसम विभाग ने वर्षा की अनिश्चितता की आशंका व्यक्त की है। जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक औसतन 80.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है तथा जिन क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा हुई है, वहां बोनी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। कृषि उप संचालक ने आगामी दिनो में कम वर्षा, अतिवर्षा अथवा वर्षा की अनिश्चितता की स्थिति से निपटने के लिए किसानों को सलाह दी है, जिन्हे अपनाकर किसान अपनी फसल सुरक्षित कर उत्पादन प्राप्त कर सकते है। सूखे और जलभराव (पानी जमा होने) की स्थिति को ठीक से संभालने के लिए 'ब्रॉड बेड फरो' (BBF) या 'रेड बेड फरो' (RBF) तरीके या मशीन का इस्तेमाल करके बुवाई की जाए। जल्दी पकने वाली सोयाबीन की किस्मों (90-95 दिनों में पकने वाली) जैसे NRC 150, NRC 165, JS 23-03, JS 23-09, JS 22-12 और JS 22-16 को प्राथमिकता दी जाए। प्रति हेक्टेयर 60-65 किलोग्राम बीज दर का इस्तेमाल करके पौधों की सही संख्या बनाए रखें; इसमें कतार से कतार की दूरी 45 सेमी और पौधे से पौधे की दूरी 5-10 सेमी होनी चाहिए। नमी की भारी कमी (सूखे) की स्थिति में, बीज दर को सामान्य दर से 10% बढ़ा दें और कतारों के बीच की दूरी 30 सेमी रखें।

# व्यापार समाचार

## ऑटोमेशन की ओर बढ़ी जीएम, छंटनी के बाद फैक्ट्री में तैनात किए 50 रोबोट

नईदिल्ली (ए.) । अमेरिका की वाहन निर्माता कंपनी जनरल मोटर्स (जीएम) ने मिशिगन स्थित अपनी फैक्ट्री जीरो में कर्मचारियों की जगह बड़े पैमाने पर रोबोट तैनात करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने पहले करीब 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की थी। अब प्लांट में लगभग 50 कोलेबोरेटिव रोबोट यानी कोबॉट्स लगाए गए हैं। कंपनी इस कदम को उत्पादन प्रक्रिया को आधुनिक बनाने, लागत कम करने और कामकाज की दक्षता बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा बता रही है।

जीएम के लगाए गए कोबॉट्स इंसानी कर्मचारियों के साथ काम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये रोबोट फिलहाल गाड़ियों के बॉडी पैनल जोड़ने और बार-बार होने वाले उत्पादन कार्यों को संभाल रहे हैं। फैक्ट्री जीरो कंपनी की प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण इकाइयों में शामिल है। कंपनी का कहना है कि नई तकनीक अपनाने से उत्पादन तेज होगा, काम में सटीकता बढ़ेगी और मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया पहले के मुकाबले अधिक प्रभावी बन सकेगी।

जीएम का कहना है कि रोबोट कर्मचारियों की जगह लेने के लिए नहीं, बल्कि उनके काम को आसान बनाने के लिए लाए गए हैं। कंपनी के मुताबिक, ये मशीनें बार-बार होने वाले कठिन काम संभाल सकती हैं, जिससे कर्मचारियों पर शारीरिक दबाव कम होगा और सुरक्षा बेहतर होगी। हालांकि, कंपनी ने यह भी स्वीकार किया है कि कुछ प्रभावित कर्मचारियों को अस्थायी अवकाश पर रखा गया है और उनके वापस लौटने की कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है।

यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स यूनियन ने कंपनी के इस कदम पर चिंता जताई है। यूनियन का कहना है कि बढ़ता ऑटोमेशन कर्मचारियों के रोजगार के अवसरों को प्रभावित कर सकता है। उसने रोबोट लगाने और कर्मचारियों की संख्या घटाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बढ़ते निवेश के कारण वाहन उद्योग तेजी से बदल रहा है और आने वाले समय में रोजगार को लेकर बहस और तेज हो सकती है।

## बजाज पर हुआ रैंसमवेयर साइबर हमला, कामकाज पर नहीं पड़ा कोई असर

नईदिल्ली, (ए.)। बजाज ने 23 जून को उस पर रैंसमवेयर हमला (फिरौती के लिए) होने की पुष्टि की है। इससे उसके और सहायक कंपनी बजाज ऑटो टेक्नोलॉजी के सिस्टम भी प्रभावित हुए। यह हमला भारतीय समयानुसार सुबह करीब 8 बजे हुआ। कंपनी ने कहा कि उसकी तकनीकी टीमें, प्रबंधन और बाहरी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने तुरंत अहतियाती कदम उठाए और हमले को रोकने के लिए जरूरी प्रोटोकॉल लागू किए। हमले के जवाब में उठाए गए अहतियाती कदम अब तक सफल रहे हैं।

कंपनी ने नियमों के तहत जरूरी होने पर इस घटना की जानकारी इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को दी है और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स, 2015 के रेगुलेशन 30 के तहत इसका खुलासा किया है। बजाज ने इसमें शामिल रैंसमवेयर की प्रकृति या किसी डाटा के लीक होने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इससे कंपनी के शेयर आज 1.68 फीसदी गिरकर 9847.10 रुपये पर आ गए। यह घटना दुनियाभर में ऑटोमोटिव और इंडस्ट्रियल कंपनियों को निशाना बनाने वाले साइबर हमलों के सिलसिले की एक और कड़ी है। जैसे-जैसे वाहन बनाने वाली कंपनियां प्रोडक्शन की प्लानिंग, इंवेंट्री मैनेजमेंट, डीलर के साथ तालमेल और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर पर ज्यादा निर्भर होती जा रही हैं, वैसे-वैसे इसका असर बढ़ गया है। रैंसमवेयर ग्रुप्स ने मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को खास तौर पर निशाना बनाना शुरू कर दिया है क्योंकि प्रोडक्शन रुकने से भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है।

# भारत-अमेरिका ऐतिहासिक व्यापार समझौते के बेहद करीब, 2030 तक 500 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

नईदिल्ली (ए.) । भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है. दोनों देश एक बेहद ऐतिहासिक और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं. अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वरिष्ठ अधिकारी बेथनी पोलोस मॉरिसन ने कैपिटल हिल में आयोजित फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज के एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की है. उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वाकांक्षी समझौते का मुख्य उद्देश्य साल 2030 तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के पार पहुंचाना है. इस रणनीति को मिशन 500 का नाम दिया गया है.

अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में दोनों देश अब केवल बैठकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका ध्यान सीधे परिणामों पर केंद्रित है. फरवरी 2026 में व्यापार समझौते की दिशा में की गई आधिकारिक घोषणा के बाद से दोनों देशों की टीमों ने इस पर दिन-रात काम किया है. इस समझौते के लागू होने से अमेरिकी निर्यातकों के लिए भारत का 140 करोड़ (1.4 बिलियन) उपभोक्ताओं वाला विशाल बाजार पूरी तरह खुल जाएगा, जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी होगा.

इस समझौते के तहत भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से लगभग 500 अरब डॉलर मूल्य के ऊर्जा उत्पाद, विमान और उनके पुर्जे, कीमती धातुएं, कोकिंग कोल और अत्याधुनिक तकनीकी उत्पाद खरीदने की



योजना बना रहा है.

दोनों देशों के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार 2025 से तेजी से बढ़ा है और यह 14.4 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है. साथ ही नए शांति अधिनियम के तहत दोनों देश नागरिक परमाणु सहयोग बढ़ाने की राह तलाश रहे हैं.आर्थिक मोर्चे पर भारतीय कंपनियां भी अमेरिका में भारी निवेश कर रही हैं. हाल ही में हुए सेलेक्टयूएसए इन्वेस्टमेंट समिट में भारतीय कंपनियों द्वारा 20 अरब डॉलर के नए निवेश की प्रतिबद्धताएं जताई गईं, जो अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी निवेश घोषणाओं में से एक है.

हाल ही में अमेरिकी टैरिफ नीतियों में आए बड़े बदलावों और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद इस समझौते के ढांचे को फिर से समायोजित किया जा रहा है. इसी सिलसिले में अमेरिकी मुख्य व्यापार प्रतिनिधि (स्त्रत्र) जेमीसन ग्रीर नई दिल्ली के दौरे पर हैं, जहां वे भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ इस समझौते के आखिरी हिस्सों को सुलझाने के लिए गहन बातचीत कर रहे हैं. दोनों पक्षों की कोशिश है कि 24 जुलाई 2026 से पहले (जब अमेरिका का अस्थायी 10 प्रतिशत टैरिफ समाप्त हो रहा है) एक अंतरिम व्यापार समझौते को लागू कर दिया जाए. भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, दोनों देश अगले महीने यानी जुलाई के मध्य तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करने की स्थिति में होंगे.

वित्तीय वर्ष 2025-26 में अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है. इस दौरान भारत का अमेरिका को निर्यात मामूली बढ़त के साथ 87.3 अरब डॉलर रहा, जबकि अमेरिका से भारत का आयात 15.95 प्रतिशत बढ़कर 52.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया. इस वजह से भारत का व्यापार अधिशेष जो पहले 40.89 अरब डॉलर था, वह घटकर 34.4 अरब डॉलर रह गया है. व्यापार के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र भी इस रिश्ते को मजबूती दे रहा है; वर्तमान में 3,30,000 से अधिक भारतीय छात्र अमेरिकी शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सालाना 14 अरब डॉलर का योगदान देते हैं.

## कच्चे तेल की कीमतों में गिरावटः भारतीय विमानन कंपनियां हटा सकती हैं फ्यूल सरचार्ज, हवाई सफर होगा सस्ता

नईदिल्ली (ए.) । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और विमान ईंधन की कीमतों में आई गिरावट के बीच हवाई यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर आ रही है.



भारतीय विमानन कंपनियांआने वाले महीनों में टिकटों पर लगने वाले फ्यूल सरचार्ज को पूरी तरह हटाने या कम करने पर गंभीरता से विचार कर रही हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, एयरलाइंस कंपनियां इस समय आंतरिक रूप से रणनीति बना रही हैं और चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत या तीसरी तिमाही की शुरुआत तक इस पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है.इसी साल मार्च 2026 में रूस-यूक्रेन संकट और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं. विमान ईंधन महंगा होने से एयरलाइंस कंपनियों का परिचालन खर्च काफी बढ़ गया था. इस वित्तीय बोझ से निपटने के लिए इंडिगो, एयर इंडिया और अकासा एयर जैसी बड़ी कंपनियों ने टिकट की बेस प्राइस में बदलाव किए बिना अलग से फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया था. यह सरचार्ज दूरी के हिसाब से 200 से लेकर 1,300 तक प्रति यात्री था. अब वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में नरमी आने के बाद एयरलाइंस के अधिकारी यह आकलन कर रहे हैं कि क्या यह गिरावट लंबे समय तक बनी रहेगी. कंपनियां फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति अपना रही हैं ताकि बाजार में स्थिरता आने पर अंतिम निर्णय लिया जा सके.रिपोर्ट के अनुसार, विमानन कंपनियां सबसे पहले घरेलू उड़ानों से फ्यूल सरचार्ज हटा सकती हैं. अंतरराष्ट्रीय रूटों पर परिचालन अर्थशास्त्र और ईंधन का खर्च अधिक जटिल होने के कारण वहां सरचार्ज हटाने में थोड़ा और समय लग सकता है.

## भारत अमेजन के सबसे तेजी से बढ़ते कारोबार का नेतृत्व करने की स्थिति में : सीईओ एंडी जेसी



मुंबई (ए.)। अमेजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने बुधवार को कहा कि भारत कंपनी के क्विक कॉमर्स कारोबार के विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि कंपनी की 'अमेजन नाउ' सेवा भारत में अमेजन की सबसे तेजी से बढ़ने वाली ई-कॉमर्स बिजनेस यूनिट बन गई है।मुंबई के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक में स्थित 'अमेजन नाउ' माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर का दौरा करने के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए जेसी ने कहा कि यह सेवा असाधारण गति से बढ़ रही है, क्योंकि ग्राहक अब ऑर्डर देने के कुछ ही मिनटों के भीतर डिलीवरी प्राप्त करना पसंद कर रहे हैं।

माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर इस तरह से तैयार किए गए हैं कि वे किराना सामान, शैम्पू, बच्चों से जुड़े उत्पाद और घरेलू उपयोग की वस्तुओं जैसे रोजमर्रा के जरूरी सामानों को तेजी से चुनकर ग्राहकों तक भेज सकें।इस व्यवस्था के जरिए ग्राहक ऑर्डर देने के कुछ ही मिनटों के भीतर अपना सामान प्राप्त कर सकते हैं।

ने कहा, "भारत में होना और मुंबई के सबसे व्यस्त क्षेत्रों में से एक में स्थित 'अमेजन नाउ' माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर का दौरा करना बेहद अच्छा अनुभव रहा। "उन्होंने कहा, "किराना, शैम्पू, बच्चों के उत्पाद और अन्य जरूरी सामान जैसे उत्पाद ऑर्डर मिलने के कुछ ही मिनटों में चुनकर ग्राहकों तक पहुंचा दिए जाते हैं।जेसी के अनुसार, जो प्राइम सदस्य इस सेवा का उपयोग करना शुरू करते हैं, उनकी खरीदारी की आवृत्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती हैउन्होंने बताया कि सेवा का उपयोग शुरू करने के बाद प्राइम सदस्य पहले की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक खरीदारी करने लगते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में इस सेवा की शुरुआत के बाद से हर तिमाही में ऑर्डर की संख्या दोगुनी होती जा रही है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## खतरे की घंटी बजा

टीसीएस में मानव कर्मचारियों की संख्या आधी रह जाएगी। जो वहां होगा, वही रुझान अन्य आईटी कंपनियों में भी देखने को मिल सकता है। भारत की आईटी इंडस्ट्री में फिलहाल 60 लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं।

टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन दो टूक यह कह कर खतरे की घंटी बजा दी है कि उनकी कंपनी में अब जितने मानव कर्मचारी होंगे, उतनी ही संख्या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) एजेंट लगाए जाएंगे। इसका सीधा मतलब यह है कि मानव कर्मचारियों की संख्या अगले कुछ वर्षों में आधी रह जाएगी। जो टीसीएस में होगा, जाहिर है, वही रुझान अन्य आईटी कंपनियों में भी देखने को मिलेगा। भारत की आईटी इंडस्ट्री में फिलहाल 60 लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं। इस क्षेत्र में तनख्वाह अपेक्षाकृत ज्यादातर अन्य क्षेत्रों से अधिक रही है।

इस रूप में ये उद्योग भारत में उपभोक्ता मध्य वर्ग का सबसे बड़ा सहारा है। आय कर दाताओं में सबसे बड़ा हिस्सा आईटी कर्मियों का ही है। अब अगर रोजगार के लिहाज से देखें, तो एआई इस क्षेत्र के लिए तलवार बन कर आई है। नए डिग्रीधारियों के लिए अवसर यहां पहले से सिकुड़ रहे हैं। पिछले साल कर्मचारियों की छंटनी भी जोर पकड़ गई। खुद टीसीएस से 12 हजार कर्मी निकाले गए। अब चंद्रशेखरन ने साफ किया है कि यह सब नीतिगत निर्णय के तहत हो रहा है। मतलब यह कि साल 2000 के आसपास इंजीनियरिंग कॉलेज की डिग्री लेकर बेहतर करियर बना लेने का जो भरोसा भारत में बना, अब उसकी नींव हिलने लगी है।

नौकरियों की संभावना नहीं होगी, तो इंजीनियरिंग कॉलेजों के फैले जाल पर भी बुरा असर पड़ेगा। आशंका पहले से जताई जा रही है कि इन सबका असर मध्य वर्ग के सिकुड़ने के रूप में सामने आएगा। यानी आईटी इंडस्ट्री में जो होने जा रहा है, उसके परिणाम दूरगामी हैं। बेशक, एआई से नए कौशल वाली कुछ नौकरियां पैदा होंगी। लेकिन ट्रेंड यह है कि एआई एजेंट दोहराव वाले हर ऐसे कार्य के लिए प्रशिक्षित होते जा रहे हैं, जिनमें तकनीकी कौशल की जरूरत पड़ती है। स्पष्टत: जितनी नौकरियां जाएंगी, उसकी तुलना में बहुत कम नए रोजगार पैदा होंगे। और यह तो सिर्फ आईटी इंडस्ट्री की बात है। एआई का उपयोग ऐसे अनेक क्षेत्रों में बढ़ रहा है, जहां ह्वाइट कॉलर रोजगार के अवसर बनते रहे हैं। वहां भी तलवार गिरने वाली है।

## संजीव-नी।

### हृदय में प्रेम का नगर बसाएँ।

रिश्तों का एक सुंदर घर बसाएँ,
विश्वास का एक नया शहर बसाएँ।

नफ़रत की धूल अब बहुत उड़ने लगी है,
आओ मोहब्बत का नया असर बसाएँ।

सूखी हुई आँखों में फिर से स्वप्न महकें,
उम्मीद का हर दिल में हम असर बसाएँ।

रिश्तों की शाख़ पर फिर भरोसे के परिंदे,
आओ स्नेह का हर ओर सफ़र बसाएँ।

जो दर्द में भी दूसरों का दर्द समझे,
ऐसे हृदय में प्रेम का नगर बसाएँ।

बिखरे हुए इंसानों को जोड़ना होगा,
टूटे हुए विश्वास का हम घर बसाएँ।

मंदिर भी मुस्कुराए, मस्जिद भी गुनगुनाए,
इंसानियत का हर तरफ़ मंजर बसाएँ।

संजीव पैग़ाम देते अपना सभी को
धरती पर छोटा प्यारा सा घर बसाएँ।

**संजीव ठाकुर,**
**रायपुर छत्तीसगढ़,**

# लापरवाही की लपटों में जलती जिंदगी कब जागेगा तंत्र?

**– ललित गर्ग**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने केवल एक इमारत को नहीं जलाया, बल्कि शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता, नियामक संस्थाओं की निष्क्रियता और व्यवस्था की खोखली पड़ चुकी जवाबदेही को भी उजागर कर दिया है। इस दुर्घटना में कोचिंग सेंटर के अनेक विद्यार्थियों की असामयिक मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि उस सड़ी-गली व्यवस्था का परिणाम है, जो हर त्रासदी के बाद कुछ दिनों तक सक्रिय दिखती है और फिर गहरी नींद में सो जाती है। राजकोट के गेमिंग जोन में आग, दिल्ली के शिशु अस्पताल में नवजातों की मौत, दिल्ली के होटल अग्निकांड, मुजफ्फरपुर अस्पताल की दुर्घटना और अब लखनऊ का अग्निकांड-इन घटनाओं की श्रृंखला बताती है कि भारत में मानव जीवन का मूल्य लगातार घटता जा रहा है। हर बार वही बयान सुनाई देता है- 'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा', 'जांच के आदेश दे दिए गए हैं', 'कड़ी कार्रवाई होगी'। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जांच और मुआवजा ही शासन का अंतिम दायित्व है? क्या सरकारें केवल दुर्घटना के बाद शोक व्यक्त करने और मुआवजा बांटने के लिए हैं? इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर।

लखनऊ की जिस इमारत में आग लगी, वहां कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। यह अत्यंत गंभीर प्रश्न है कि क्या उस भवन को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त था? क्या भवन निर्माण मानकों का पालन किया गया था? क्या वहां आपातकालीन निकास मार्ग उपलब्ध थे? यदि थे, तो वे उपयोग में क्यों नहीं आए? और यदि नहीं थे, तो




इतने लंबे समय तक प्रशासन की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी? यह केवल भवन स्वामी की लापरवाही नहीं है। यदि कोई व्यावसायिक संस्थान नियमों की अनदेखी करते हुए वर्षों तक संचालित होता रहता है, तो स्पष्ट है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक तंत्र की मौन सहमति या भ्रष्ट गठजोड़ सक्रिय है। आखिर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी क्या है? क्या उनका कार्य केवल लाइसेंस जारी करना और औपचारिक निरीक्षण करना भर रह गया है? या कमियों को ढंकते हुए अपनी जैबें गर्म करते रहना है?

वास्तविकता यह है कि देश के अधिकांश शहरों में सार्वजनिक सुरक्षा भगवान भरोसे है। ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन उनमें सुरक्षा मानकों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। बहुमंजिला भवनों में अक्सर एक ही प्रवेश एवं निकास मार्ग होता है। अग्निशमन उपकरण या तो अनुपस्थित होते हैं या वर्षों से निष्क्रिय पड़े रहते हैं। आपदा प्रबंधन की कोई नियमित मॉक ड्रिल नहीं होती। भवनों में क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश दिया जाता है। नियम पुस्तकों में सुरक्षा व्यवस्था भले मौजूद हो, लेकिन जमीन पर उसकी स्थिति नगण्य है। इस विडम्बना का सबसे दुखद पक्ष यह है कि हर बड़ी दुर्घटना के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, लेकिन उन रिपोर्टों पर अमल नहीं होता। उपहार सिनेमा अग्निकांड से लेकर राजकोट और लखनऊ तक, देश ने अनेक त्रासदियों से सबक लेने की बात कही, परंतु व्यवस्था ने कुछ नहीं सीखा। प्रशासन की स्मृति अत्यंत अल्पकालिक हो चुकी है। कुछ दिनों तक छापेमारी, निरीक्षण और नोटिस जारी करने का नाटक चलता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है।यह स्थिति केवल प्रशासनिक अक्षमता की नहीं, बल्कि नैतिक पतन की भी है। भ्रष्टाचार ने सुरक्षा व्यवस्था की आत्मा को खोखला कर दिया है। निरीक्षण करने वाले अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर आंखें मूंद लेते हैं। भवन स्वामी अधिक लाभ कमाने के लिए सुरक्षा उपायों की उपेक्षा करते हैं। परिणामस्वरूप निर्दोष नागरिक अपनी जान गंवाते हैं। प्रश्न यह भी है कि क्या हमारे शहरों का विकास मानव-केंद्रित है? हम स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी और विश्वस्तरीय शहरों के निर्माण की बात करते हैं, लेकिन यदि नागरिक सुरक्षित नहीं हैं, तो ऐसे विकास का क्या अर्थ है? किसी भी सभ्य समाज की पहली पहचान उसके नागरिकों की सुरक्षा होती है। यदि एक कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल या मॉल भी सुरक्षित नहीं है, तो हमें अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा। आज आवश्यकता केवल दोष निर्धारण की नहीं, बल्कि व्यापक संरचनात्मक सुधारों की है। सबसे पहले देशभर में सभी व्यावसायिक भवनों, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों, मॉल, होटल और सार्वजनिक स्थलों का स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट कराया जाना चाहिए। जिन संस्थानों के पास अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र नहीं हैं या जो मानकों का पालन नहीं करते, उन्हें तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

दूसरे, अग्निशमन विभाग को आधुनिक संसाधनों और पर्याप्त मानवबल से सुसज्जित करना होगा। अनेक रिपोर्टों के अनुसार देश में फायर स्टेशनों और प्रशिक्षित फायर कर्मियों की भारी कमी है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अनुरूप अग्निशमन सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। तीसरे, प्रत्येक सार्वजनिक भवन में हर छह माह में अनिवार्य मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए। विद्यालयों, महाविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में लोग घबराने के बजाय संयमपूर्वक अपनी सुरक्षा कर सकें। चौथे, जवाबदेही की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। केवल भवन स्वामी ही नहीं, बल्कि संबंधित विभागों के उन अधिकारियों पर भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए, जिन्होंने लापरवाही बरती या नियमों की अनदेखी की। जब तक अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी नहीं बनाए जाएंगे, तब तक सुधार की उम्मीद करना व्यर्थ है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शासन की प्राथमिकता 'दुर्घटना के बाद की प्रतिक्रिया' से बदलकर 'दुर्घटना से पूर्व की रोकथाम' पर केंद्रित होनी चाहिए। सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन की रक्षा सुनिश्चित करना भी है।

# नया भारत संदेह से भरोसे की ओर और डर से आजादी की ओर बढ़ रहा है



पीयूष गोयल

दशकों तक, भारत की नियामक प्रणाली नागरिकों को गहरे अविश्वास की नज़र से देखती थी। नागरिकों को मामूली, प्रक्रियात्मक गलतियों या किसी अधिकारी के केवल शक के आधार पर अपराधी मान लिया जाता था। एक सुखद बदलाव के तौर पर, मोदी सरकार ने आम आदमी के लिए भरोसे और सहानुभूति पर आधारित नीतियां बनाई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों और व्यवसायों का समर्थन करने, अनुपालन को सरल बनाने और व्यवसायों के सामने आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को स्वीकार करते हुए भारत के कानूनी परिदृश्य में सुधार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। चाहे अनुपालन बोझ कम करना हो, डिजिटलीकरण हो, या एकल-खिड़की मंजूरी हो, कुल मिलाकर बदलाव का मकसद शासन को अधिक तर्कसंगत और कुशल बनाना रहा है।

प्रधानमंत्री का विश्वास और सहानुभूति पर आधारित शासन का मंत्र स्पष्ट रूप से जन विश्वास अधिनियम, 2026 और 2023 के इसी तरह के एक कानून में दिखाई देता है।

नागरिक-अनुकूल - एक नागरिक-अनुकूल नियामक वातावरण बनाने और अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए, नया कानून मामूली अपराधों से निपटने के लिए स्पष्ट सिद्धांत अपनाता है: दंड से पहले चेतावनी देना, अपराध की गंभीरता के अनुसार जुर्माना तय करना, त्वरित और पारदर्शी समाधान और जुर्माने का एक गतिशील ढांचा, जिसमें समय-समय पर संशोधन होता हो, ताकि नियम लागू करने का तरीका प्रभावी, प्रासंगिक और समय के साथ उत्तरदायी बना रहे।

यह नियामक दृष्टिकोण, अनुपालन और लागू करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव है, जो प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि भारत की 21वीं सदी की आकांक्षाएँ औपनिवेशिक शासन के पुराने तरीकों के माध्यम से पूरी नहीं हो सकतीं।

इस सुधार का पैमाना अभूतपूर्व है। जन विश्वास अधिनियम 23 मंत्रालयों के 79 केंद्रीय कानूनों से जुड़े 784 प्रावधानों को संशोधित करता है। यह लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए 717 प्रावधानों को अपराधमुक्त करता है और 67 प्रावधानों को तर्कसंगत बनाता है। यह स्वतंत्र भारत के विधायी इतिहास में सबसे बड़ी अपराधमुक्ति पहल है।

यह 1,000 से अधिक अपराधों को तर्कसंगत बनाता है, पुराने और अनावश्यक प्रावधानों को हटाता है, पुराने औपनिवेशिक काल के अप्रचलित अपराधों को ख़त्म करता है और आपराधिक न्यायालयों के बाहर निर्णय और अपील की व्यवस्था को मजबूत करता है।

स्वागत योग्य बदलाव   पहले, किसी घर, इमारत या वाहन में सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच मौजूद होने पर किसी व्यक्ति को तीन महीने की जेल हो सकती थी, यदि वह संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाया हो। यह औपनिवेशिक काल के शक पर आधारित दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें सामान्य आवाजाही को भी संभावित अपराध माना जाता था। यह सुधार इस अपराध को पूरी तरह समाप्त कर देता है और कानून को आधुनिक सिद्धांतों के अनुरूप बनाता है।

पिछली व्यवस्था के तहत, यदि किसी व्यक्ति के ड्राइविंग लाइसेंस की समय-सीमा समाप्त हो गयी है, तो अगले ही दिन सड़क पर गाड़ी चलाने पर उस पर आपराधिक आरोप लग जाते थे। नए कानून में 30 दिन की छूट अवधि दी गई है। एक छोटे निर्माता का उदाहरण लें, जो अप्रेंटिसशिप अधिनियम के तहत पंजीकरण का विवरण अद्यतन नहीं कर पाता है। पहले यह एक आपराधिक चूक थी, लेकिन अब केवल नियमों की बार-बार अवहेलना पर ही सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

इसी तरह, पहले किसी खनन कंपनी की दस्तावेजीकरण प्रक्रिया में हुई चूक के कारण जेल की सज़ा तक हो सकती थी। आज, ऐसे मामलों में सिर्फ जुर्माना लगता है। गैरकानूनी खनन, धोखाधड़ी, जानबूझकर नुकसान और सार्वजनिक हित के गंभीर उल्लंघनों के लिए आपराधिक जिम्मेदारी अभी भी मौजूद है; लेकिन कागज़ी कार्रवाई की कमियों के लिए नहीं।

सभी के लिए 12 साल का लाभ   जन विश्वास कानून, सभी नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की पीएम मोदी के प्रयासों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के तौर पर देश-सेवा के 12 सालों में और उससे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर, यह पीएम मोदी का प्रमुख मिशन रहा है।

जन विश्वास 2026 एक महत्वपूर्ण स्तंभ पर आधारित है। भारत ने 2023 में पहले जन विश्वास अधिनियम के माध्यम से 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। इस प्रयास ने दिखाया कि नियमों को लागू करने की प्रक्रिया को कमज़ोर किए बिना गैर-अपराधीकरण से शासन में सुधार किया जा सकता है। 2026 का कानून इस प्रक्रिया को लगभग चार गुना बढ़ा देता है, जो यह संकेत देता है कि यह कोई एक बार की पहल नहीं है, बल्कि सुधार की दिशा में लगातार चलने वाली पहल है।

बड़ा मिशन - नया कानून असल में पीएम मोदी के उस बड़े मिशन का हिस्सा है, जिसके तहत भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है। इस मिशन में, पीएम ने हर नागरिक को रोटी, कपड़ा और मकान मुहैया कराने की कोशिश की है और यह सुनिश्चित किया है कि कल्याणकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे। यह कांग्रेस के शासनकाल से बिलकुल अलग है, जब तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने कहा था कि कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किए गए धन का सिर्फ़ 15 प्रतिशत ही वास्तव में गरीबों तक पहुँचता है।

कम गंभीरता वाले आपराधिक प्रावधानों की जगह प्रशासनिक और मौद्रिक व्यवस्थाएँ लाना, न सिर्फ आम नागरिक के लिए स्वागतयोग्य कदम है, बल्कि यह छोटे व्यवसायों की भी मदद करता है। इससे लागू करने वाली एजेंसियां रोज़मर्रा की तकनीकी गलतियों के बजाय गंभीर उल्लंघनों पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

अदालतें उन मामलों पर ध्यान दे सकती हैं, जिनमें सचमुच न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। अर्थव्यवस्था और निवेश - इसके फायदे सिर्फ़ शासन तक ही सीमित नहीं हैं। तेज़ी से प्रतिस्पर्धी होती वैश्विक अर्थव्यवस्था में, नियमों की विश्वसनीयता मायने रखती है। वर्षों तक, तकनीकी चूक के लिए आपराधिक मुक़दमे के डर को निवेश के सबसे बड़े रुकावटों में से एक माना जाता था।  2014 से 2025 के बीच एफडीआई में 143 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और एफडीआई बढ़ने का यह रुझान जारी है। इस विकास में नियामक सुधार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# आज का राशिफल

मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व और स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन होने से परिवार वाले प्रसन्न होंगे। पूर्व में किये गये किसी सामाजिक कार्य के लिये आज आपको सम्मानित किया जायेगा। किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर में खुशी का माहौल रहेगा।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपनी खास बात किसी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करें। आज माता जी की सलाह से लिया गया निर्णय भविष्य में लाभदायक साबित होगा। आज धर्म-कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में आपकी आस्था बढ़ेगी। छात्र आज कम्प्यूटर कोर्स जॉइन करने का मन बनायेंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और अपने रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहने के वजह से लोगों के बीच आप आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। आज रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह जरूर ले।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यावसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह का बदलाव न करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल कर लेना अवश्य ही सफलता दिलाएगा।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई उमंगों से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। आज आपको जो भी काम दिया जायेगा उसे अच्छे से पूरा करने में सफल होंगे।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगायेंगे, जिससे आपको कुछ नई उपलब्धियां प्राप्त होंगी। आज जीवनसाथी तथा पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा, जिससे आपसी रिश्तों में प्रेम और सद्भाव बना रहेगा।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज आपके लिए घर का सदस्य आपकी पसंद की वस्तु खरीद सकता है, जिसे पाकर आप आनंदित होंगे।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी व्यक्ति की सलाह मिलने से आपका हौसला बढ़ेगा और आप काम को अच्छे तरीके से करेंगे। करियर को और बेहतर बनाने के लिये आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। पहले से लोन के लिये किया गया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अनुभवी लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन आपके लिए सहायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ने की वजह से थकान रहेगी। आज आपके परिवार में आपसी प्रेम रहेगा। आपकी इनकम अच्छी रहेगी।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको बहुत खुशी होगी। आज आप घर के कामों में अपनी मां की मदद करेंगे और भविष्य को लेकर आप बातचीत भी करेंगे।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। मित्रों के साथ बिताए हुए समय के बारे में सोचकर आज आप आनंदित होंगे। आज आपको संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आज आपको आय के कई नए रास्ते दिखाई देंगे।

# भारत से शिकागो और फिर हुगली तक : स्वामी विवेकानंद के योग संदेश की वैश्विक यात्रा

प्रतापराव जाधव

समूचे इतिहास में, कुछ विचार सरहदों के पार जाकर समाजों को बदलते रहे हैं। योग भारत की प्राचीनतम परंपराओं में से एक है, जिसकी यात्रा प्राचीन शास्त्रों से शुरू होकर वैश्विक मान्यता तक जा पहुँची है।

योग शब्द — जो संस्कृत के मूल शब्द युज से लिया गया है, जिसका अर्थ है जोड़ना या एकत्व स्थापित करना-  अपने भीतर दार्शनिक चिंतन और व्यावहारिक अनुशासन की एक समग्र प्रणाली समाहित किए हुए है, जिसका उद्देश्य व्यक्ति (जीवात्मा) का सार्वभौमिक चेतना (परमात्मा) के साथ मिलन कराना है।

योग के प्रारंभिक बीज ऋग्वेद (लगभग 1500ङ्ग1200 ईसा पूर्व) में मिलते हैं, जहाँ तप और ध्यान जैसी अवधारणाओं का उल्लेख किया गया है। आगे चलकर इन विचारों का विकास उपनिषदों में हुआ, जिन्होंने योग के अनेक दार्शनिक सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया। हालाँकि योग को उसका सर्वाधिक व्यवस्थित स्वरूप महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योगसूत्र (लगभग 200 ईसा पूर्व 400 ईस्वी) ने प्रदान किया- इसमें अष्टांग योग अथवा आठ अंगों वाले मार्ग का वर्णन किया गया है, जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि शामिल हैं।

पतंजलि के अलावा, भगवद गीता योग को जीवन जीने के गतिशील दर्शन के रूप में प्रस्तुत करती है। कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र की पृष्ठभूमि में भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच का संवाद मानव कर्तव्य, उद्देश्य और आध्यात्मिक उन्नति के विषय में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। भगवद्गीता में वर्णित



विभिन्न मार्गों में कर्म योग (नि:स्वार्थ कर्म का मार्ग), ज्ञान योग (ज्ञान का मार्ग) और भक्ति योग (भक्ति का मार्ग) मुक्ति प्राप्ति के तीन प्रमुख पथ माने गए हैं। अत: भारत केवल योग की जन्मभूमि ही नहीं है—यह एक जीवंत सभ्यता है, जहाँ योग सहस्राब्दियों से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है, और जो इसकी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक तथा दार्शनिक संरचना का अभिन्न अंग रहा है।

हालाँकि, औपनिवेशिक शासन के दौरान भारतीय समाज के शिक्षित वर्ग का एक बड़ा हिस्सा पश्चिमी बौद्धिक विचारधाराओं से प्रभावित होने और योग सहित भारत की अनेक पारंपरिक ज्ञान-परंपराओं को बदलती आधुनिक दुनिया में अपेक्षाकृत कम प्रासंगिक माना जाने लगा। ऐसे महत्वपूर्ण समय में, स्वामी विवेकानंद एक सशक्त स्वर बनकर उभरे, जिन्होंने लोगों को योग के वास्तविक महत्व को फिर से जानने में मदद की।

स्वामी विवेकानंद ने अपने उपदेशों और विश्व धर्म संसद में दिए ऐतिहासिक भाषण के माध्यम से दुनिया का ध्यान भारत की आध्यात्मिक विरासत की ओर आकृष्ट किया और योग की शाश्वत ज्ञान-परंपरा के प्रति लोगों में नया विश्वास जगाया। उन्होंने विश्व के विभिन्न भागों के  लोगों के साथ वेदांत और योग के सिद्धांत साझा किए  तथा यह स्पष्ट किया कि योग केवल एक धार्मिक साधना नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत विकास, आंतरिक शांति और आत्म-विकास का मार्ग भी है। विदेशों में स्वामी विवेकानंद को मिले व्यापक सम्मान और प्रशंसा ने भारतीयों के मन में अपनी प्राचीन परंपराओं और संस्कृति के प्रति नया विश्वास और गौरव उत्पन्न किया।

स्वामी विवेकानंद ने शिकागो - और उसके बाद अमेरिका भर में तथा यूरोप  के विभिन्न देशों में अपने व्याख्यानों  के माध्यम से पश्चिमी जगत को राजयोग (मन के नियंत्रण का योग), ज्ञानयोग (विवेक और ज्ञान का मार्ग), कर्मयोग (नि:स्वार्थ सेवा का मार्ग) तथा भक्तियोग (ईश्वर-प्रेम और समर्पण का मार्ग) से परिचित कराया। पतंजलि के योग सूत्रों पर आधारित उनकी पुस्तक राजयोग (1896), पश्चिमी समाज के लिए योग-दर्शन का परिचय कराने वाली प्रारंभिक और सर्वाधिक प्रभावशाली कृतियों में से एक बन गई।

राजयोग  पर दिए अपने व्याख्यानों में स्वामी विवेकानंद ने योग को मानव चेतना के आंतरिक आयामों की खोज करने वाली एक व्यवस्थित और अनुभव-आधारित साधना के रूप में प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि मानवता के लिए भारत का सबसे बड़ा योगदान उसकी आध्यात्मिक ज्ञान-परंपरा है, और योग उस परंपरा की सबसे गहन तथा स्थायी अभिव्यक्तियों में से एक है। उनके विचारों ने उस समय के जाने-माने बुद्धिजीवियों और विचारकों का ध्यान खींचा, जिससे भारतीय दर्शन के साथ पश्चिमी देशों का जुड़ाव और बढ़ा।

## अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी



बेंगलुरु,(आरएनएस)। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक कोर्ट ने अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने विभिन्न राज्यों के कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज कराया है और अपने चुनावी हलफनामे में उन विवरणों को छिपाया था। बेंगलुरु की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने अभिनेता के खिलाफ 3 बार एनबीडब्ल्यू जारी किया है, क्योंकि उन्हें समन नहीं भेजा जा सका था।

बार एंड बेंच के मुताबिक, कोर्ट ने 17 मार्च 2026 को निर्देश दिया था, शिकायतकर्ता के वकील उपस्थित हैं। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त के माध्यम से आरोपी को पुन: समन जारी करें। इसके बाद कोई जवाब न आने पर 17 अप्रैल को कोर्ट को पता चला कि प्रकाश राज ने वो घर खाली कर दिया है, जहां समन भेजने का प्रयास हो रहा था। इसके बाद 12 जून को दोबारा वारंट जारी हुआ। मामले की सुनवाई 25 जुलाई को होगी।

बेंगलुरु के निवासी के दिलीप कुमार ने एक निजी शिकायत दायर कर बताया कि प्रकाश राज ने 2019 में बेंगलुरु सेंट्रल से लोकसभा चुनाव लड़ते समय 22 मार्च को चुनावी हलफनामा दाखिल किया था। इसमें बताया कि उनका नाम बेंगलुरु के शांतिनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में है, जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि उनका नाम एक ही समय में 3 अन्य मतदाता सूचियों में था। इसमें चेन्नई स्थित वेलाचेरी विधानसभा और तेलंगाना का सेरिलिंगमपल्ली विधानसभा शामिल है।

## मुंबई में रात भर हुई बारिश से जलभराव, रेड अलर्ट जारी

मुंबई,(आरएनएस)। महाराष्ट्र में मानसून का आगमन हो गया है। मंगलवार रात को मुंबई में रात भर हुई बारिश ने इसका अहसास कराया। इससे जगह-जगह जलभराव हो गया। मुंबई के कई हिस्सों में जोरदार बारिश को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार तड़के रेड अलर्ट जारी किया है। हालांकि, यह मुंबई और पालघर के लिए है। मौसम विभाग ने बहुत तेज बारिश, बिजली कड़कने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार को 13 दिन की देरी से मुंबई पहुंचा है। इसके आगमन की तारीख 10 जून के आसपास तय थी, लेकिन यह मंगलवार को पहुंचा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे के लिए रेड अलर्ट के साथ ठाणे, रायगढ़, सिंधुदुर्ग में मध्यम से तीव्र बारिश का पूर्वानुमान जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शहर में मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे के बीच 24 घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई है।

मुंबई के माटुंगा इलाके में किंग्स सर्कल से सामने जलभराव हुआ है। दादर के हिंदू कॉलोनी के रिहायशी इलाकों पानी भर गया। विक्रोली पश्चिम में मंगलवार रात एक आवासीय इमारत के बगल में एक दीवार भी गिर गई। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई। साथ ही, सेंट्रल और वेस्टर्न उपनगरीय रेलवे लाइनें मिलाने वाला दादर स्टेशन जलमग्न है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि शहर के सभी प्रमुख सबवे, बसे और उपनगरीय नेटवर्क पर रेल सेवाएं सामान्य हैं।

आईएमडी के मुताबिक, इससे पहले मुंबई में 2023 में भी मानसून देरी से आया था। तब 25 जून को पहली बार बारिश हुई थी। पुराना रिकॉर्ड देखें तो 1974 और 1958 में सबसे लंबी देरी दर्ज की गई, तब मानसून 28 जून को आया था।

## दिल्ली में उद्योग भवन के पास लगी भीषण आग, मजदूरों के 200 अस्थायी घर जलकर खाक

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली में उद्योग भवन के पास मजदूरों की एक बस्ती में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। इसमें करीब 200 अस्थायी घर जलकर खाक हो गए हैं। घटना तड़के 3 बजे की है। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन दल की करीब 20 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। उन्होंने 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया है। यह पूरा इलाका सेना भवन के पास का बताया जाता है। आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेना भवन के पास निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को रहने के लिए जगह दी गई थी और अस्थीय टिन शेड बनाया गया था। यहां कमरों में खाना पकाने के लिए छोटे रसोई गैस सिलेंडर भी थे और बिजली का कनेक्शन भी दिया गया था। बताया जा रहा है कि बिजली की स्पार्किंग की वजह से शेड में आग लगी होगी, जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की जांच जारी है।

# राजस्थान, पंजाब, जम्मू कश्मीर समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना, लोगों को मिलेगी गर्मी से राहत

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है. वहीं मुंबई में मंगलवार को रातभर बारिश हुई. साथ ही मुंबई, ठाणे और पालघर के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है. दूसरी तरफ दिल्ली में चल रही धूल भरी आंधी के बाद गरज के साथ बारिश, बिजली कड़कने और हल्की बारिश होने की संभावना है.कई इलाकों में बिजली कड़कने के साथ गरज के साथ बारिश और 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जो बढ़कर 60 किलोमीटर तक पहुंच सकती हैं.राजस्थान में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं, हवा की स्पीड 60-70 किलोमीटर तक पहुंच सकती है और हवा के झोंके 80 किलोमीटर तक पहुंच सकते हैं, जबकि पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी भी चल सकती है. हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 29 जून तक गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की उम्मीद है.इस हफ्ते देश का सबसे अधिक बारिश वाला हिस्सा नॉर्थ-ईस्ट रहने की उम्मीद है. 24-29 जून के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बड़े पैमाने पर बारिश होने का अनुमान है. असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में बहुत ज़्यादा भारी बारिश हो सकती है. नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी अगले कुछ दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है. आने वाले हफ्ते में सब-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी



बारिश होने की उम्मीद है. बिहार, झारखंड और ओडिशा में 25-26 जून के दौरान 50-70 किलोमीटर की तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश हो सकती है. आईएमडी ने बिहार और ओडिशा में भी भारी बारिश का अनुमान लगाया है, जबकि इस अनुमान के दौरान कई दिनों तक सब-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने की संभावना है.मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में इस हफ्ते गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है. हालांकि, इन इलाकों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी. आईएमडी ने विदर्भ में लू से लेकर गंभीर लू चलने की चेतावनी दी है, जबकि अगले कुछ दिनों में पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है. तेलंगाना में भी कुछ जगहों पर हीटवेव की स्थिति हो सकती है।

कोंकण और गोवा में 23 जून से बारिश बढ़ने की उम्मीद है. पूरे हफ्ते कोंकण और गोवा में भारी बारिश होने की संभा वना है, जबकि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गरज के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने की उम्मीद है. कोंकण, गोवा, मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में 40-50 किलोमीटर की तेज हवाएं चल सकती हैं, जो बढ़कर 60 किलोमीटर तक पहुंच सकती हैं। अगले 48 घंटों में मुंबई और आस-पास के तटीय इलाकों में मॉनसून सक्रिय रह सकता है.तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और लक्षद्वीप में बारिश जारी रहने की उम्मीद है. तेलंगाना, केरल, तटीय कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है. इस हफ्ते कई दक्षिणी राज्यों में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की भी उम्मीद है.कई इलाकों में बारिश बढ़ने के बावजूद, मध्य और उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का असर बना हुआ है. आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बांदा और विदर्भ और झारखंड में लू की स्थिति दर्ज की गई. दिल्ली के लोगों को उमस से राहत मिली क्योंकि पूरे देश में बारिश होने से मौसम में अचानक बदलाव आया. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि चल रही धूल भरी आंधी के बाद गरज के साथ बारिश, बिजली कड़कने और हल्की बारिश होने की संभावना है, क्योंकि नमी वाली हवाएं एक अस्थिर वायुमंडलीय प्रणाली के साथ संपर्क करेंगी।

## भारत में मिला 50 हजार किलो सोने का अकूत खजाना, 9000 करोड़ के इस भंडार से बदल जाएगी देश की किस्मत



कुरनूल (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के रायलसीमा इलाके के कुरनूल जिले में हजारों किलोग्राम सोने का एक विशाल खजाना मिला है। जिले के जोंनागिरी, एर्रागुडी और पगड़ीरॉयी गांवों के आसपास करीब 1500 एकड़ क्षेत्र में फैले इस अकूत भंडार से न सिर्फ इस पूरे इलाके की तस्वीर बदल जाएगी, बल्कि हर साल विदेशों से भारी कीमत पर सोना खरीदने वाले भारत को भी बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। यह आजादी के बाद देश की पहली और सबसे बड़ी प्राइवेट गोल्ड माइन बनने जा रही है, जहां जियोमैसूर सर्विसेज और डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड द्वारा खनन का काम किया जाएगा।

भू-वैज्ञानिक और खनन विभाग के ताजा अनुमानों के मुताबिक, इस पूरी खदान में करीब 50 हजार किलोग्राम (50 टन) सोने का विशाल भंडार छिपा होने की संभावना है। इसकी मौजूदा बाजार कीमत लगभग 7500 करोड़ से 9000 करोड़ रुपये के बीच आंकी गई है। फिलहाल 1500 एकड़ में से केवल 500 एकड़ भूमि पर ही सोने की खोज और सर्वे का काम पूरा हुआ है, जिसमें 13 हजार किलो सोने की मौजूदगी पक्की हो चुकी है। बाकी बचे एक हजार एकड़ इलाके में जैसे-जैसे खनन और खोज का दायरा बढ़ेगा, स्वर्ण भंडार के 50 टन तक पहुंचने की पूरी उम्मीद है। वर्तमान में यहां आधुनिक भारी मशीनों की मदद से पथरीले इलाके में एक टन कच्चे अयस्क को प्रोसेस कर सोना निकालने का काम तेजी से किया जा रहा है।सोने के इस बंपर खजाने के मिलने के बाद अब जोंनागिरी गांव का नाम बदलकर 'स्वर्णागिरी' करने की पूरी तैयारी चल रही है।



*अरुणाचल प्रदेश के केयी पैन्योर ज़िले में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए घरों का दृश्य।*

## इलाज कराने विदेश नहीं जा सकेंगे अभिषेक बनर्जी, कलकत्ता हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

कोलकाता,(आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को कलकत्ता हाई कोर्ट से झटका लगा है। अभिषेक ने अपनी आंख के ऑपरेशन के बाद विदेश में इलाज कराने के लिए यात्रा की अनुमति मांगी थी, जिसे कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सौगता भट्टाचार्य ने यह कहते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी कि देश में भी आंखों का इलाज कराने की सुविधा मौजूद है।



अभिषेक ने नेत्र उपचार के लिए विदेश यात्रा की अनुमति मांगते हुए मंगलवार को हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने एक सप्ताह तक बाहर रहने का अनुरोध किया था। बुधवार को न्यायमूर्ति भट्टाचार्य की अदालत में सुनवाई के दौरान अभिषेक के वकील ने कहा कि याचिका पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अभिषेक की आंखों की सर्जरी हो चुकी है और वे पहले भी इलाज के लिए विदेश जा चुके हैं।

अभिषेक की याचिका पर कोर्ट का फैसला ऐसे समय पर आया है, जब वह देश की तमाम जांच एजेंसियों की नजर में हैं। बंगाल विधानसभा में टीएमसी की भारी हार के बाद उनकी पार्टी में फूट पड़ गई है और सांसद-विधायक उनसे अलग हो रहे हैं। इस बीच, अभिषेक अपराध जांच विभाग (सीआईडी), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की निगरानी में हैं। उन्हें कई मामलों में समय-समय पर पूछताछ के लिए पेश होना पड़ रहा है।

# 10 लाख रिश्वत देने के आरोप, 2 गिरफ्तार; भगवंत मान के वीडियो से जुड़ा विवाद?



गुरुग्राम(आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े कथित विवादित वीडियो को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। अब पंजाब पुलिस पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने वीडियो को झूठा साबित करने के लिए 10 लाख रुपये की रिश्वत दी थी। इस मामले में हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। बता दें कि इसी वीडियो के आधार पर श्री अकाल तख्त साहिब ने मान को गुरु और खालसा पंथ विरोधी करार दिया था।

दरअसल, अक्टूबर 2025 में कनाडा के एक शख्स ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें मान जैसा दिखने वाला व्यक्ति सिख गुरुओं की तस्वीरों पर शराब के छींटे मार रहा है। इसके अलावा जरनैल सिंह भिंडरावाले की फोटो पर भी आपत्तिजनक हरकतें करता दिख रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय और आम आदमी पार्टी ने वीडियो को फर्जी बताते हुए दावा किया कि ये एआई से बनाया गया है। वीडियो साझा करने वाला सोशल मीडिया अकाउंट भी ब्लॉक करवा दिया गया।

विवाद बढ़ने पर सिखों की सर्वोच्च संस्था श्री अकाल तख्त ने मान को तलब किया। मान अकाल तख्त साहिब के सामने पेश हुए और दावा किया कि वीडियो में दिख रहा शख्स वे नहीं हैं। मान ने वीडियो का सच जानने के लिए सरकारी और स्वतंत्र फोरेंसिक लैब से जांच कराने का वादा किया। इधर अकाल तख्त ने भी अपने स्तर पर वीडियो की जांच कराई। 15 जून को अकाल तख्त की जांच में साबित हुआ कि वीडियो असली है।

15 जून को अकाल तख्त के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने मान को अकाल तख्त से झूठ बोलने और गुरुओं की बेअदबी का दोषी मानते हुए उन्हें पंथ विरोधी और गुरु विरोधी घोषित कर दिया। अगले दिन मान ने फिर अपना दावा दोहराते हुए कहा कि वीडियो में दिखाई दे रहे शख्स की कद-काठी और शारीरिक बनावट उनसे मेल नहीं खाती। उन्होंने कहा कि वीडियो फर्जी है और एआई के जरिए बनाया गया है। इस बीच हरियाणा के रहने वाले एक फोरेंसिक विशेषज्ञ जसवीर ने गुरुग्राम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि पंजाब के कुछ अधिकारियों ने उन पर नई फॉरेंसिक रिपोर्ट बनवाने और वीडियो में एआई के जरिए बदलाव करने के लिए दबाव बनाया। इसके लिए 10 लाख रुपये देने का लालच दिया गया। मना करने पर पंजाब के अधिकारियों ने उन्हें धमकाया। जसवीर ने कहा कि उसकी गाड़ी में जबरन 10 लाख रुपये रख दिए गए। गुरुग्राम पुलिस ने इस मामले में अंकित और अरुण नामक 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एफआईआर में पंजाब सरकार के 2 बड़े अधिकारियों का भी जिक्र है। 16 जून को गुरुग्राम की एक होटल में हुई बैठक का वीडियो भी सामने आया है। दावा किया जा रहा है कि इसमें लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा और एसपी जशनदीप गिल भी थे। एसपी के नाम से एक कथित व्हाट्सऐप चैट भी सामने आई है।

# जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का पांचवें दिन भी प्रदर्शन जारी, डीयू के प्रोफेसर देंगे पब्लिक लेक्चर




नई दिल्ली,(आरएनएस)। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहा धरना बुधवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया. आंदोलन स्थल पर छात्रों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी के बीच पार्टी नेताओं ने सरकार पर शिक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

इस दौरान शिक्षाविद और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजेंद्र चौहान बुधवार को शाम 5 बजे धरना स्थल पर पहुंचेंगे. इसके साथ ही उन्होंने आंदोलन को समर्थन देते हुए लोगों से जंतर-मंतर पहुंचने की अपील की है. उन्होंने कहा कि वर्षों से शिक्षा की बदहाली, शिक्षा के बजट में बढ़ोतरी, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता जैसे मुद्दों को उठाया जा रहा है, लेकिन सरकार ने इन विषयों को गंभीरता से नहीं लिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी कर विजेंद्र चौहान ने कहा कि कभी उन्हें दो कौड़ी का शिक्षक कहा गया तो कभी कॉकरोच कहकर संबोधित किया गया, लेकिन शिक्षा के मुद्दों पर आवाज लगातार जारी रही. उन्होंने कहा कि अब पहली बार ऐसा माहौल बन रहा है जब शिक्षा से जुड़े सवाल देश की सार्वजनिक बहस के केंद्र में आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम कई वर्षों से शिक्षा की बदहाली, शिक्षा को पर्याप्त बजट देने और परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने की बात कर रहे हैं. अब विपक्ष भी इन मुद्दों पर बोल रहा है

और सत्ता पक्ष को भी जवाब देना पड़ रहा है. विजेंद्र चौहान ने घोषणा की कि जंतर-मंतर स्थित आंदोलन स्थल पर एक पब्लिक लेक्चर देंगे, जिसमें नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## चाईबासा में मिला 30 किलो का मोर्टार शेल, कुछ महीने पहले बरामद हुआ था द्वितीय विश्व युद्ध का बम

चाईबासा(आरएनएस)। मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सोनपोखरी गांव में खेत की जुताई के दौरान एक संदिग्ध मोर्टार शेल मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया. करीब 30 किलोग्राम वजन और लगभग दो फीट लंबे इस जंग लगे विस्फोटक जैसी वस्तु मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और उसे अपने कब्जे में ले लिया.मिली जानकारी के अनुसार, सोनपोखरी गांव निवासी विजय हेंब्रम के खेत में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य चल रहा था. इसी दौरान ट्रैक्टर चालक शिवचरण महतो को मिट्टी के नीचे किसी भारी वस्तु के दबे होने का एहसास हुआ. जब मिट्टी हटाई तो वहां एक जंग लगा मोर्टार शेल जैसा पदार्थ दिखाई दिया. इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई.सूचना मिलते ही पुलिस और सीआरपीएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर लोगों को दूर किया गया. बाद में सीआरपीएफ की बम निरोधक टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध वस्तु की जांच की.पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने उक्त संदिग्ध मोर्टार शेल को अपने कब्जे में ले लिया है. उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ता द्वारा इसकी जांच की गई. रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. एसपी ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल घबराने या किसी प्रकार के खतरे की कोई बात नहीं है।

## नीरव मोदी को लंदन कोर्ट से झटका, बैंक ऑफ इंडिया को देने होंगे 100 करोड़ रुपये

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारत में घोषित भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को लंदन की कोर्ट में तगड़ा झटका लगा है। यह मामला बैंक ऑफ इंडिया की ओर से दिए गए कर्ज से जुड़ा है। कोर्ट ने मोदी को दुबई स्थित फायरस्टार ग्रुप की कंपनी को दिए गए कर्ज से जुड़ी व्यक्तिगत गारंटी के तहत 1.07 करोड़ डॉलर (करीब 100 करोड़ रुपये) का भुगतान करने का निर्देश दिया है। लंदन सर्किट कमर्शियल कोर्ट ने कहा कि बैंक राशि का हकदार है।

दरअसल, बैंक ऑफ इंडिया ने जुलाई 2012 में दुबई स्थित फायरस्टार ग्रुप की इकाई फायरस्टार डायमंड एफजेडई को कर्ज दिया था। बैंक का कहना है कि मोदी ने व्यक्तिगत गारंटी दी थी, जिसमें डिफॉल्ट की स्थिति में बकाया राशि चुकाने की जिम्मेदारी ली थी। जब मीडिया में मोदी और उसके चाचा मेहुल चोकसी के धोखाधड़ी के मामले सामने आए, तब बैंक ने 2018 में कर्ज वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की और पत्र भेजा। मोदी ने इसे चुनौती दी थी।

सुनवाई के दौरान मोदी ने कोर्ट में कहा कि गारंटी लागू नहीं की जा सकती और दावा किया कि उन्हें वैध भुगतान मांग प्राप्त नहीं हुई थी। उन्होंने तर्क दिया कि ऋण समझौते को समाप्त करने का कोई महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा था। कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज कर दिया, यह देखते हुए कि भुगतान नोटिस सफलतापूर्वक तामील किए गए थे। कोर्ट ने मोदी की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि बैंक उस राशि का हकदार है।

## ईरान ने प्रधानमंत्री मोदी को अयातुल्लाह अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में बुलाया

तेहरान,(आरएनएस)। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को औपचारिक न्यौता दिया है। यह कार्यक्रम 4 से 9 जुलाई तक ईरान और इराक में आयोजित होगा, जिसमें वैश्विक प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की उम्मीद है। ईरान ने अफगानिस्तान में तालिबानी प्रधानमंत्री मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद को भी बुलाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अभी भारत ने न्यौते पर कोई जानकारी नहीं दी है।

अमेरिका-इजरायल के साथ युद्धविराम के बाद यह ईरान का पहला औपचारिक कार्यक्रम है। संघर्ष के कारण अली खामेनेई का औपचारिक अंतिम संस्कार लंबित था। यह 4 जुलाई को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन से शुरू होगा। तेहरान और कोम में सार्वजनिक जुलूस निकलेगा और इराक के पवित्र शहरों नजफ-कर्बला में प्रार्थनाएं होंगी। इसके बाद 9 जुलाई को खामेनेई के गृहनगर मशहद में इमाम रजा दरगाह में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा।

अमेरिका-इजरायल के हमले में अली खामेनेई की 28 फरवरी को मौत हुई थी। उनकी मौत पर प्रधानमंत्री मोदी ने कोई शोक संदेश जारी नहीं किया, जिस पर काफी सवाल उठे। बाद में विदेश सचिव विक्रम मिसली ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास में भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे। बता दें, मई 2024 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के निधन के बाद, दिल्ली ने राष्ट्रीय शोक घोषित किया था।

## ईरान यात्रा की योजना बना रहे भारतीयों को दूतावास की सलाह, अभी कुछ दिन और रुकें

तेहरान,(आरएनएस)। अमेरिका और इजरायल के साथ संघर्ष खत्म होने के बाद ईरान की यात्रा की योजना बना रहे भारतीयों को तेहरान में स्थित भारतीय दूतावास ने सलाह दी है। दूतावास ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हालत में सुधार के बावजूद नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अगले आदेश तक गैर-जरूरी यात्रा करने से बचें। साथ ही, दूतावास ने ईरान में मौजूद भारतीयों को भी सतर्क रहने को कहा है।

भारतीय दूतावास ने विज्ञप्ति में लिखा, दूतावास ईरान में मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा है। हाल के अच्छे डेवलपमेंट और पूरी स्थिति में सुधार को देखते हुए, दूतावास ईरान की यात्रा करने की सोच रहे भारतीय नागरिकों के लिए नीचे दी गई बदली हुई सलाह जारी करना चाहता है। दूतावास ने लिखा, हाल के सुधारों के बावजूद, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्रा से बचें।दूतावास ने आगे कहा, जो भारतीय अभी ईरान में हैं और जिन्हें जरूरी काम से ईरान जाना पड़ सकता है, वे सावधानी बरतें, हर समय चौकन्ने रहें, और हालात पर लगातार नजर रखें। वे भरोसेमंद सोर्स से जानकारी लेकर लोकल डेवलपमेंट पर करीब से नजर रखें और हिदायतों का पालन करें। ईरान में मौजूद सभी भारतीयों को भारतीय दूतावास में अपनी जानकारी रजिस्टर कराने को कहा गया है। दूतावास ने +989128109115, +989128109109, +989128109102, +989932179359 और ईमेल जारी किया है।दूतावास ने सलाह ऐसे समय पर जारी की है, जब अमेरिका और ईरान में समझौता होने के बाद भी परमाणु हथियार और मुआवजे को लेकर टकराव दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि ईरान कभी भी परमाणु निरीक्षण नहीं करने के लिए सहमत होग या है, जबकि तेहरान ने ट्रंप के दावों का खंडन किया है।

# भीषण गर्मी से जूझ रहा यूरोपः फ्रांस में बिजली गुल, कई देशों ने रेड हीट वेव अलर्ट किया जारी

लंदन (आरएनएस)। यूरोप इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है, और कई वर्षों के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। पिछले दो दिनों में इसका असर आम लोगों की जिंदगी पर साफ नजर आया है। ब्रिटेन में ट्रेन सेवाओं पर थोड़ा ब्रेक लगाया गया, जबकि फ्रांस में बिजली गुल होने से लोग परेशान रहे। इसी बीच कई देशों ने रेड हीटवेव अलर्ट जारी कर दिया है।ब्रिटेन में मौसम के कारण ट्रेन देरी से चल रही हैं। व्यवधान के बीच परिवहन अधिकारियों ने लोगों से बुधवार और गुरुवार को यात्रा करने से बचने की अपील की है। साथ ही, यात्रा करने वालों को "बाधित सफर के लिए तैयार रहने" की चेतावनी दी गई है। नेशनल रेल ने शुक्रवार तक गैटविक एक्सप्रेस, ग्रेट नॉर्दर्न, सदर्न और थेम्सलिंक सेवाओं में व्यवधान की आशंका जताई है।यहां कई स्कूल जल्दी बंद किए जा रहे हैं या पूरी तरह बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। समरसेट में लगभग 100 स्कूल बुधवार और गुरुवार को पूरी तरह बंद रहेंगे। वहीं, बकिंघमशायर में करीब 100 स्कूल आंशिक रूप से बंद रहेंगे, जबकि ग्लॉस्टरशायर में 86 स्कूल प्रभावित होंगे। रिकॉर्ड तोड़ हीट वेव के बीच पश्चिमी फ्रांस में बुधवार को लगभग 68,000 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अधिकारियों के अनुसार, यह मौजूदा भीषण गर्मी के दौर में देश की पहली बड़ी बिजली कटौती है।मंगलवार को फ्रांस में अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया, जब देश का औसत तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रहा।



मौसम विभाग के अनुसार, सप्ताहांत तक 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंच सकता है, जबकि रात में भी तापमान 23 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की आशंका है।इस बीच, फ्रांस में हाल के दिनों में असुरक्षित स्थानों पर तैराकी के दौरान 40 लोगों की डूबने से मौत भी दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फ्रांस की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी इस समय अत्यधिक गर्मी की चपेट में है, जहां कई क्षेत्रों में तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

यूरोप के कई देश इस अभूतपूर्व हीटवेव से जूझ रहे हैं, जिसने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।इटली के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार के लिए मिलान और रोम समेत 16 शहरों में रेड अलर्ट जारी किया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह अत्यधिक गर्मी वायुमंडलीय परिस्थितियों और हवा के ठहराव के कारण हो रही है, जिससे गर्म हवा कई दिनों तक एक ही स्थान पर फंसी रहती है। वैश्विक तापमान वृद्धि (ग्लोबल वार्मिंग) ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है।नीदरलैंड्स में बुधवार से कम से कम शुक्रवार तक मध्य और दक्षिणी हिस्सों में 'कोड ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया है। एम्स्टर्डम में सिटी पास रखने वाले लोगों को छह आउटडोर स्विमिंग पूल में मुफ्त तैराकी की सुविधा दी गई है, जबकि राष्ट्रीय रेल कंपनी ने गर्मी के कारण कई रूट्स पर ट्रेनों की संख्या कम करने का फैसला किया है।आने वाले दिनों में यह हीटवेव पूर्वी यूरोप तक फैलने की आशंका है।पोलैंड के मौसम विभाग ने गुरुवार से शनिवार तक देश के पश्चिमी हिस्से में उच्च स्तर की गर्मी की चेतावनी जारी की है। वहीं, क्रोएशिया के एड्रियाटिक तट पर शुक्रवार और शनिवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। हंगरी, जो पहले से ही दूसरे स्तर के हीट अलर्ट पर था, ने तापमान में लगातार वृद्धि को देखते हुए शनिवार से मंगलवार तक अधिकतम स्तर का अलर्ट घोषित करने का फैसला किया है।

## ट्रंप को सीनेट से झटका, ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को समाप्त करने का प्रस्ताव पारित

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान युद्ध के मामले में सीनेट से तगड़ा झटका लगा है। सीनेट ने एक प्रस्ताव पारित कर ट्रंप प्रशासन से ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य अभियान को रोकने या आगे की कार्रवाई से पहले कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की मंजूरी लेने का आह्वान किया है। इस प्रस्ताव का 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी समर्थन किया है। सीनेट के इस कदम से संदेश गया कि युद्ध को कांग्रेस का समर्थन नहीं है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में इस महीने की शुरूआत में प्रस्ताव को समर्थन मिला था, जिसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली सीनेट में भी पेश किया गया। इस दौरान सदन ने 50 के मुकाबले 48 मतों से प्रस्ताव को पारित कर दिया। सीनेट में सभी डेमोक्रेट सांसदों के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के 4 सांसदों ने भी पार्टी लाइन से हटकर प्रस्ताव को समर्थन दिया, जिससे प्रस्ताव पारित हुआ। हालांकि, यह प्रयास प्रतीकात्मक है। इसके कानून बनने की उम्मीद नहीं है।

## उत्तर कोरिया ने 5,000 टन का नया विध्वंसक युद्धपोत नौसेना में किया शामिल

सोल (आरएनएस)। उत्तर कोरिया ने 5,000 टन क्षमता वाले एक नए विध्वंसक युद्धपोत को अपनी नौसेना में शामिल किया है। देश के नेता किम जोंग-उन ने उम्मीद जताई है कि इससे नौसेना की लड़ाकू क्षमता "कल्पना से परे प्रशंसनीय" स्तर तक मजबूत होगी। राज्य मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।किम जोंग-उन ने एक दिन पहले पश्चिमी बंदरगाह नामपो में "नए प्रकार के बहु-मिशन" विध्वंसक 'चोए ह्योन' के कमीशनिंग समारोह में यह बात कही। यह जानकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से योनहाप ने दी।समारोह ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर कोरिया ने पिछले साल अप्रैल में इस युद्धपोत का अनावरण किया था, जिसका उद्देश्य देश की नौसैनिक शक्ति को बढ़ाना है। हाल के महीनों में कमीशनिंग से पहले चोए ह्योन से हथियार परीक्षण भी किए गए हैं।अपने बधाई भाषण में किम ने कहा कि यह विध्वंसक "सबसे परिपूर्ण, जटिल संचालन और लड़ाकू क्षमता" से लैस है।उन्होंने कहा, "हमारी नौसेना की लड़ाकू क्षमता कल्पना से परे प्रशंसनीय स्तर तक बढ़ेगी। "उत्तर कोरियाई नौसेना की पहले कमजोर शाखा के रूप में रही छवि का जिक्र करते हुए किम ने कहा, "अब हालात स्पष्ट रूप से बदल गए हैं।" ने



इस विध्वंसक की तैनाती को "रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम" बताया और कहा कि इससे देश की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी तथा परमाणु बलों के अधिक विविध और प्रभावी संचालन में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि नौसेना अब "रणनीतिक साधनों से लैस एक पूर्ण सेवा"के रूप में उभर रही है, क्योंकि नौसेना को परमाणु हथियारों से लैस करने का कार्यक्रम योजनानुसार आगे बढ़ रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, 'चोए ह्योन' को पश्चिमी सागर बेड़े में शामिल किया जाएगा,

## इजराइल को हथियारों के लिए अमेरिका पर निर्भरता से खुद को आजाद करना चाहिएः नेतन्याहू

तेल अवीव,(आरएनएस)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल को हथियार बनाने की अपनी क्षमता विकसित करके सैन्य मामलों में अमेरिका पर निर्भरता खत्म करनी चाहिए. उनका तर्क है कि ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ चल रहे संघर्ष के लिए यह बदलाव बहुत जरूरी है.वेस्ट बैंक के गुश एत्ज़ियोन में रिजर्व कॉम्बैट अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान नेतन्याहू ने कहा, मैं उस समर्थन की बहुत सराहना करता हूँ जो हमें मिला है. साथ ही जो मैंने पिछले कुछ वर्षों में हासिल किया है हमारे अमेरिकी दोस्तों से लेकिन आज मैं कहता हूँ, हमें अपने खुद के स्वतंत्र हथियार-उत्पादन सिस्टम की जरूरत है. हमें अपने हथियार खुद बनाने होंगे.सुरक्षा हालात पर बात करते हुए उन्होंने कहा, हम अब ईरान और उसके प्रॉक्सी (उसके इशारे पर काम करने वाले गुटों) का सामना कर रहे हैं.

# फीचर

## वरुण धवन की मां का रोल ऑफर होने पर ऐसा था मौनी रॉय का रिएक्शन, ट्रोलिंग पर बोलीं- 'मुझे फर्क नहीं पड़ता'



डेविड धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में मौनी रॉय ने वरुण धवन की नकली मां का रोल किया है। इस रोल के चलते उन्हें काफी आलोचना और सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा। लेकिन इस सबके बावजूद मौनी रॉय इस विवाद से परेशान नहीं हैं। इन बातों को नजरअंदाज करते हुए उनका कहना है कि उनका पूरा ध्यान सिर्फ डायरेक्टर की सोच के मुताबिक काम करने और उन्हें ठीक वैसा ही देने पर था, जैसा वे चाहते थे।

मौनी रॉय ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर कहा कि मैं इसके बारे में कुछ नहीं कर सकती। मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि क्या शोर-शराबा हो रहा था। मुझे इसकी परवाह नहीं थी कि लोग क्या कह रहे थे।

यह बात बहुत बड़ी बन गई थी कि 'मेकर्स मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हैं!' लेकिन मुझे पता था कि मैंने फिल्म में क्या किया है। मुझे पता था कि मेरे डायरेक्टर बहुत खुश थे और फिल्म में जिन लोगों के साथ मैंने काम किया है, वे सभी भी खुश हैं।

फिल्म का हिस्सा बनने पर खुशी जताते हुए मौनी ने कहा कि शुरू में अपने रोल के बारे में सुनकर मुझे भी हैरानी हुई थी। सबसे पहले कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने मुझे फोन किया था। जब उन्होंने मुझे रोल के बारे में बताया, तो मेरा पहला रिएक्शन भी यही था। मैंने कहा, उनकी मां? फिर मैंने जाकर डेविड सर और फरहाद सामजी (डायलॉग राइटर) से कहानी सुनी।

मैं जोर-जोर से हंस पड़ी। जरा सोचिए वरुण मनीष को फोन करके कह रहे हैं, मां का फोन कॉल नहीं चाहिए, पूरी की पूरी मां चाहिए। निरूपा रॉय जैसी। और फिर सीन कट होता है और मैं अंदर आती हूं, जहां कोई जिमी सर के किरदार से कह रहा है, क्या यह मां के रोल के लिए थोड़ी छोटी नहीं है?

फिल्ममेकर की तारीफ करते हुए मौनी ने डेविड धवन के लिए अपनी गहरी पसंद जाहिर की और बताया कि उन्होंने यह प्रोजेक्ट क्यों नहीं छोड़ा। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं डेविड धवन की बहुत बड़ी फैन हूं। उनकी फिल्में मेरी दोस्त जैसी हैं। उन्हें देखना मुझे सुकून देता है।

## कोरियन फिल्म में काम करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं अनुष्का सेन, जेजू ओले में मिला ये किरदार



एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा जेजू ओले में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है।हाल ही में, अनुष्का ने द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की।

## खीरा खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, नहीं होगा कड़वा

खीरा एक ताजगी भरी और पौष्टिक सब्जी है, जो सलाद, राइता या स्नैक्स के रूप में खाया जाता है। हालांकि, कभी-कभी बाजार से खरीदे गए खीरे कड़वे निकलते हैं, जो खाने में अच्छा नहीं लगता। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे संकेत बताएंगे, जिनसे आप सही खीरा चुन सकते हैं और कड़वे खीरे से बच सकते हैं ताकि आपकी डाइट स्वादिष्ट और सेहतमंद बनी रहे।



### रंग पर ध्यान दें

खीरे खरीदते समय सबसे पहले उसके रंग पर ध्यान दें। हरा रंग हमेशा बेहतर होता है क्योंकि यह ताजगी का संकेत देता है। पीले या सफेद रंग के खीरे आमतौर पर पके हुए होते हैं और इनमें कड़वाहट हो सकती है। इसलिए हमेशा हरे रंग के खीरे ही चुनें ताकि आपके सलाद या राइते का स्वाद बेहतरीन बना रहे और आप कड़वे खीरे से बच सकें।

### आकार और मोटाई पर गौर करें

खीरे का आकार और मोटाई भी अहम भूमिका निभाते हैं। लंबे और पतले खीरे आमतौर पर अच्छे होते हैं क्योंकि इनमें कड़वाहट कम होती है। मोटे और गोल आकार के खीरे अक्सर कड़वे निकलते हैं इसलिए इन्हें खरीदने से बचें। इसके अलावा खीरे का आकार भी महत्वपूर्ण होता है। छोटे और मध्यम आकार के खीरे अच्छे होते हैं, जबकि बड़े और मोटे खीरे अक्सर कड़वे होते हैं।

### छिलके की जांच करें

खीरे खरीदते समय उसके छिलके पर ध्यान देना जरूरी है। चिकने और चमकदार छिलके वाले खीरे अच्छे होते हैं, जबकि खुरदरे या फटे हुए छिलके वाले खीरे आमतौर पर कड़वे निकलते हैं। इसलिए हमेशा चिकने और चमकदार छिलके वाले खीरे ही चुनें ताकि आपके व्यंजनों का स्वाद बेहतरीन बना रहे। इसके अलावा छिलके की मोटाई भी महत्वपूर्ण होती है। पतले छिलके वाले खीरे अच्छे होते हैं, जबकि मोटे छिलके वाले खीरे अक्सर कड़वे निकलते हैं।

### गंध पर ध्यान दें

खीरे की गंध भी उसकी गुणवत्ता बताती है। ताजे खीरे से हल्की-सी गंध आती है, जो ताजगी का अहसास दिलाती है। अगर खीरे से तेज या अजीब गंध आती हो तो समझ जाइए कि वह सही नहीं है और उसे न खरीदें। इसके अलावा गंध से यह भी पता चलता है कि खीरा पका हुआ है या नहीं। ताजे खीरे की गंध हमेशा हल्की और प्राकृतिक होती है, जबकि पके हुए खीरे में तेज गंध हो सकती है।

### पके हुए खीरे चुनें

खीरे पके हुए होने चाहिए ताकि उनका स्वाद बेहतर हो और वे कड़वे न निकलें। पके हुए खीरे आमतौर पर बाजार में आसानी से मिल जाते हैं और इनका रंग भी गहरा होता है। इसलिए जब भी आप बाजार जाएं तो पके हुए और ताजे दिखने वाले खीरे ही खरीदें ताकि आपके व्यंजनों का स्वाद बेहतरीन बना रहे और आप कड़वे खीरे से बच सकें। इन सरल संकेतों को अपनाकर आप हमेशा सही और ताजे खीरे चुन सकेंगे।

# घमंडी लोगों से निपटने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, तनाव से रहेंगे दूर

घमंड एक ऐसा गुण है, जो किसी के व्यक्तित्व को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। यह दूसरों के साथ संबंधों को खराब कर सकता है और समाज में असंतोष पैदा कर सकता है। घमंडी लोग अक्सर अपनी बात मनवाने के लिए दूसरों को नीचा दिखाते हैं। ऐसे लोगों से निपटने के लिए कुछ सरल और प्रभावी तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। ऐसा करके आपका मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित नहीं होगा।

### सहानुभूति दिखाएं

घमंडी लोगों से निपटने का पहला तरीका है सहानुभूति दिखाना। जब आप किसी घमंडी व्यक्ति से मिलते हैं तो उनकी स्थिति को समझने की कोशिश करें। उनकी भावनाओं को समझने से आपको उनकी मानसिकता को बेहतर तरीके से जानने में मदद मिलेगी। इससे आप उनके साथ बेहतर तरीके से बातचीत कर पाएंगे और उनके घमंड को कम करने में मदद मिलेगी। सहानुभूति दिखाने से आप उनके व्यवहार को सकारात्मक दिशा में मोड़ सकते हैं और संबंध सुधार सकते हैं।

### शांत रहें

घमंडी लोगों के साथ बातचीत करते समय शांत रहना बहुत जरूरी है। उनकी बातों पर प्रतिक्रिया देने से पहले गहरी सांस लें और धैर्यपूर्वक सुनें। अगर वे आपको नीचा दिखाने की कोशिश करें तो भी संयम बनाए रखें। अपनी भावनाओं पर काबू रखें और उग्र प्रतिक्रिया देने से बचें। इससे आप



स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकेंगे और किसी भी विवाद से बच सकेंगे। शांत रहने से आप बेहतर संवाद कर पाएंगे और उन्हें गलती का एहसास होगा।

### सकारात्मक नजरिया अपनाएं

घमंडी लोगों से बातचीत करते समय सकारात्मक नजरिया रखना अहम है। उनकी नकारात्मक बातें सुनकर खुद को नकारात्मक महसूस न होने दें, बल्कि उनके साथ सकारात्मक बातचीत करें। उनकी अच्छी बातों पर ध्यान दें और उन्हें प्रोत्साहित करें। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे धीरे-धीरे अपनी नकारात्मकता को छोड़ने लगेंगे। सकारात्मक नजरिया अपनाने से आप उनकी मानसिकता को सुधारने में मदद कर सकते हैं और उनके साथ बेहतर संबंध बना सकते हैं।

### सीमाएं तय करें

घमंडी लोगों के साथ सीमाएं तय करना बहुत जरूरी है। उन्हें यह बताएं कि कौन-सी बातें स्वीकार्य हैं और कौन-सी नहीं। अगर वे आपकी सीमाओं का उल्लंघन करें तो दृढ़ता से अपनी सीमाओं को बनाए रखें। इससे वे समझेंगे कि उनका व्यवहार ठीक नहीं है और वे बदलने पर मजबूर होंगे। इसके अलावा आप उन्हें उदाहरण देकर दिखा सकते हैं कि उनका व्यवहार कैसे दूसरों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है और उन्हें सुधारने की प्रेरणा दे सकते हैं।

### खुद पर ध्यान दें

आखिर में सबसे अहम बात यह है कि आपको खुद पर ध्यान देना चाहिए। घमंडी लोगों के साथ समय बिताने से आपकी मानसिकता प्रभावित हो सकती है, इसलिए खुद को सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखें। अपने शौक पूरे करें, दोस्तों के साथ समय बिताएं और अपनी पसंदीदा किताबें पढ़ें। इससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा और आप घमंडी लोगों के नकारात्मक प्रभाव से बच सकेंगे। इस तरह आप अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

## नया रायपुर में बनेगा टेक्सटाइल पार्क, 25 जून को मुख्यमंत्री साय करेंगे शुभारंभ

रायपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। नई उद्योग नीति के तहत नया रायपुर में टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 25 जून को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इसकी जानकारी उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित सहयोग केंद्र में दी।

मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश में लगातार नए उद्योगों की स्थापना की जा रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों, जिससे प्रदेश के युवाओं और श्रमिकों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से न केवल निवेश बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

इस दौरान मंत्री लखनलाल देवांगन ने भाजपा के सहयोग केंद्र में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं। सहयोग केंद्र में करीब 60 से 70 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। मंत्री ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि अन्य आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा नियमित रूप से सहयोग केंद्र आयोजित किए जाते हैं, जहां आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया जाता है।

## सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सख्त और 'जीरो टॉलरेंस' के निर्देशों का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। सीएम के कड़े रुख के बाद प्रदेश भर में खनिज माफियाओं के हौसले पस्त हैं। इसी कड़ी में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में खनिज विभाग ने बीते दो दिनों में एक बड़ी और ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस विशेष अभियान के तहत अवैध गतिविधियों में संलिप्त 1 पोकलेन मशीन और 6 हाईवा वाहनों को जब्त किया गया है।

सोमवार और मंगलवार को लगातार कार्रवाई

खनिज अमले द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सारंगढ़ तहसील क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान गौण खनिज साधारण रेत का अवैध परिवहन करते हुए 02 हाईवा (वाहन क्रमांक सीजी-07-सीआर-7715 एवं सीजी-13 एक्यू-0321) को रंगे हाथों पकड़ा गया। इन दोनों वाहनों को जब्त कर सारंगढ़ थाने की सुरक्षा में सौंप दिया गया है। इसी तरह मंगलवार की कार्रवाई के तहत तहसील सारंगढ़ के ही अंतर्गत दोबारा किए गए निरीक्षण में गौण खनिज चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 02 और हाईवा (वाहन क्रमांक सीजी-13-बीबी-2721 एवं सीजी-13-बीबी-2321) पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें भी सारंगढ़ थाने की सुपुर्दगी में रखा गया।

कोसीर क्षेत्र में औचक दबिश: पोकलेन मशीन भी जब्त

खनिज विभाग की टीम ने उप तहसील कोसीर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पासीद में औचक निरीक्षण (सरप्राइज रेड) किया। इस कार्रवाई ने रेत माफियाओं में हड़कंप मचा दिया। मौके पर साधारण रेत के अवैध उत्खनन में सीधे तौर पर संलिप्त 01 पोकलेन मशीन को जब्त कर स्थानीय ग्राम सरपंच की सुपुर्दगी में दिया गया।

# रायपुर में स्टेट जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, एक करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का खुलासा




रायपुर (आरएनएस)। राज्य जीएसटी विभाग ने रायपुर जिले के आरंग और अभनपुर क्षेत्र में संचालित विभिन्न उद्योगों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ रुपये की कर चोरी का खुलासा किया है। विभाग की टीम ने पिछले एक सप्ताह से लगातार छापेमारी अभियान चलाकर बिस्किट, बेकरी, बारदाना, पोल्ट्री, पेवर ब्लॉक और पेयजल कारोबार से जुड़े कई प्रतिष्ठानों की जांच की।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कई कारोबारी बड़े पैमाने पर उत्पादन और व्यापार करने के बावजूद या तो जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे थे या फिर वास्तविक कारोबार की तुलना में बेहद कम कारोबार दर्शा रहे थे। स्टेट जीएसटी अधिकारियों के अनुसार, अभनपुर के कोलर स्थित एक बिस्किट फैक्ट्री, सेजबहार क्षेत्र के किराना और बेकरी कारोबारियों तथा कुछ पोल्ट्री संचालकों के यहां अब तक लगभग एक करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी जा चुकी है। जांच अभी जारी है, इसलिए अंतिम आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं।

जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कई फैक्ट्रियां ऊंची दीवारों और बंद परिसरों के भीतर संचालित की जा रही थीं, जिससे बाहर से उनके वास्तविक कारोबार का अंदाजा लगाना मुश्किल था। फैक्ट्री परिसरों में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक थी और कर्मचारियों को भी गतिविधियों की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा कई मामलों में बिना वैध इनवॉइस के माल की ढुलाई भी की जा रही थी।

पहले की गोपनीय रेकी, फिर छापेमारी

जीएसटी विभाग ने कार्रवाई से पहले कई दिनों तक संबंधित क्षेत्रों में गोपनीय निगरानी की। अधिकारियों ने फैक्ट्रियों से निकलने वाले वाहनों और गतिविधियों की वीडियो रिकॉर्डिंग की, कर्मचारियों और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई तथा माल की आवाजाही पर नजर रखी। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद ही विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई।

स्टेट जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि शहर के बाहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर संचालित कारोबारों की जानकारी मिलने के बाद विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में ही लाखों रुपये की कर चोरी सामने आई है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टैक्स चोरी और फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## रायपुर ग्रामीण पुलिस को पहली बार मिला पुलिस लाइन प्रभारी, वैभव मिश्रा को सौंपी गई जिम्मेदारी

रायपुर(आरएनएस)। रायपुर ग्रामीण पुलिस को पहली बार पुलिस लाइन प्रभारी (रक्षित निरीक्षक) मिल गया है। पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा को रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस बल और संसाधनों के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी है।

जारी आदेश के अनुसार, रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा को पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के क्षेत्राधिकार में वीआईपी भ्रमण, कानून व्यवस्था संबंधी ड्यूटी और अन्य विशेष अवसरों पर पुलिस बल एवं आवश्यक संसाधनों के समन्वय और प्रबंधन के लिए पदस्थ किया गया है।

आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि वैभव मिश्रा सहायक पुलिस आयुक्त लाइन नीलेश द्विवेदी के पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे।

अब तक रायपुर पुलिस लाइन से ही पुलिस कमिश्नरेट और रायपुर ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराया जाता था। लेकिन रायपुर ग्रामीण के लिए अलग से रक्षित निरीक्षक की नियुक्ति के बाद शहरी और ग्रामीण पुलिसिंग व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा।

## महुआ बीनने गई बुजुर्ग महिला पर लोनर हाथी का हमला, मौके पर मौत, गांव में दहशत

कोरबा(आरएनएस)। कटघोरा वन मंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम पतुरियाडांड़ में एक दर्दनाक घटना में लोनर हाथी ने 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को कुचलकर मार डाला। महिला जंगल में महुआ डोरी (महुआ के फल) संग्रह करने गई थी, तभी उसका सामना हाथी से हो गया। इस घटना के बाद पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार, सुखमत बाई (70 वर्ष), पति लोडुराम, रोज की तरह जंगल में महुआ डोरी बीनने गई थीं। इन दिनों जंगलों में महुआ के फल गिर रहे हैं, जिन्हें ग्रामीण तेल निकालने सहित अन्य घरेलू उपयोग के लिए एकत्र करते हैं। इसी दौरान अचानक एक लोनर हाथी सामने आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथी को देखकर बुजुर्ग महिला ने जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन वह सुरक्षित स्थान तक नहीं पहुंच सकीं। हाथी ने उन पर हमला कर उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई।

# छत्तीसगढ़ में मौसम का डबल अटैक, आंधी के साथ बिजली गिरने की संभावना

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री के बाद से राज्य में मौसम बदला हुआ है। अब तक मानसून ने आधे से ज्यादा राज्यों को कवर कर लिया है। मध्य प्रदेश की सीमा से सटे कुछ ही जिले बचे हैं, जहां मानसून नहीं पहुंचा है। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर जारी है।

दंतेवाड़ा से एंट्री के बाद मानसून ने सरगुजा संभाग को भी कवर कर लिया है। जशपुर, मुंगेली, बिलासपुर, बेमेतरा, कबीरधाम, कोंडागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर में बारिश हुई।

इन जिलों में बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने जशपुर, सरगुजा, कोरबा, गोरैला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, बेमेतरा, दुर्ग, रायपुर, गरियाबंद और कोंडागांव के लिए चेतावनी जारी की है। आकाशीय बिजली गिरने की संभावना भी जताई है।

तेज हवाएं और बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, तेज हवाएं और बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।



इन क्षेत्रों में बारिश और आंधी की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिलों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवाएं और आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में हवाओं की गति 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है।

इसके अलावा सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।लगातार बदलते मौसम को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, किसानों और खुले स्थानों पर काम करने वाले मजदूरों को मौसम खराब होने पर तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा शहर राजनांदगांव रहा, जहां मंगलवार को न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. रायपुर में 25.5 डिग्री, बिलासपुर में 27.1 डिग्री, पेंड्रा रोड में 23 डिग्री, अंबिकापुर में 24 डिग्री, जगदलपुर में 23.5 डिग्री और दुर्ग में न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवाई यातायात में भी बाधा आने की संभावना जताई गई है।

# खेल समाचार

# 'संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो कानूनी मदद लूंगी', एशियन गेम्स के स्क्वॉड से बार किए जाने पर बोलीं मनिका बत्रा

नई दिल्ली (ए.)। एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने के बाद भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा चर्चा में हैं। मनिका ने हाल ही में टीम से बाहर किए जाने पर सवाल उठाए थे और इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की अपील भी की थी। अब उन्होंने उन आरोपों का जवाब दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि वह टीम में शामिल किए जाने या अपने लिए विशेष व्यवस्था की मांग कर रही हैं।मनिका ने स्पष्ट किया कि वह किसी विशेष सुविधा या रियायत की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता चाहती हैं। उन्होंने टीम से बाहर किए जाने के फैसले को मनमाना बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से हस्तक्षेप की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वह कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपना सकती हैं।मनिका ने एक बयान में कहा, पिछले दो दशकों से मुझे सर्वोच्च स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। अपने पूरे करियर में मैंने जीत, हार, चयन और चयन न होने, सभी परिस्थितियों को स्वीकार किया है। यह खेल का हिस्सा है। लेकिन जिस बात को स्वीकार करना मुश्किल है, वह है पारदर्शिता की कमी और मनमानी। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में मैंने कई लोगों को यह कहते हुए देखा है कि मैं एशियन गेम्स टीम में जगह चाहती हूं या विशेष विचार की मांग कर रही हूं। मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं चयन की मांग नहीं कर रही हूं और न ही किसी से फैसला बदलने को कह रही हूं। मैं सिर्फ जवाब मांग रही हूं। मुझे यह नहीं बताया गया कि मेरा चयन क्यों नहीं किया गया। यदि मुझे इस फैसले के आधार के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, तो मेरे पास कानूनी विकल्प अपनाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। मैं यह इसलिए नहीं कर रही हूं कि मुझे टीम में जगह या कोई विशेष व्यवस्था चाहिए, बल्कि इसलिए कि मेरा मानना है कि हर खिलाड़ी को चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता, निरंतरता और जवाबदेही मिलनी चाहिए। मनिका ने कहा कि वह करीब 20 वर्षों से भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और केवल एक स्पष्ट तथा ईमानदार जवाब चाहती हैं। उन्होंने अपनी मौजूदा विश्व रैंकिंग का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि जब वह विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर हैं और शीर्ष-50 से मामूली अंतर से बाहर हैं, तो उन्हें चयन के योग्य क्यों नहीं माना गया।




उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस की विश्व रैंकिंग हर सप्ताह बदलती रहती है और यह अंक प्रणाली पर आधारित होती है। ऐसे में यह स्पष्ट होना चाहिए कि खिलाड़ियों का मूल्यांकन किस अवधि की रैंकिंग के आधार पर किया गया। उन्होंने पूछा, क्या चयन पिछले 12 महीनों, छह महीनों, दो महीनों या किसी एक सप्ताह की रैंकिंग के आधार पर किया गया? यदि कोई खिलाड़ी लंबे समय तक शीर्ष-50 के आसपास बना रहता है और किसी सप्ताह उसकी रैंकिंग 50 से 51 हो जाती है, तो क्या वह अचानक चयन के लिए अयोग्य हो जाता है? मनिका ने कहा कि चयन प्रक्रिया में केवल रैंकिंग ही नहीं, बल्कि खिलाड़ी के हालिया प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म को भी महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और उन्होंने कई शीर्ष एशियाई तथा मजबूत चीनी खिलाड़ियों को हराया है। उन्होंने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भी एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों के चयन में मौजूदा फॉर्म को महत्वपूर्ण मानता है।उन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत के लिए ऐतिहासिक महिला युगल कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## महिला टी20 वर्ल्ड कपः पाकिस्तान की एक और करारी हार, ऑस्ट्रेलिया ने 113 रनों से रौंदा

नईदिल्ली, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया ने एलिस पेरी के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर महिला टी20 वर्ल्ड कप में अपना विजय अभियान जारी रखा. पेरी ने 48 गेंद पर नौ चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाए. पेरी और जॉर्जिया वोल (39) ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की. इसक बाद एनाबेल सदरलैंड (27) और निकोला कैरी (26) ने भी उपयोगी योगदान दिया. जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 199 रन बनाए।

इसके जवाब में पाकिस्तान 13.4 ओवर में 86 रन पर आउट हो गया. जिसमें सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए. वहीं ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेरी, सोफी मोलिनी और सदरलैंड ने दो-दो विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया अभी तक टूर्नामेंट में अपने चारों मैच जीते हैं लेकिन उसकी सेमीफाइनल में जगह पक्की नहीं हुई है. क्योंकि ग्रुप ए के प्रतिद्वंद्वी दक्षिण अफ्रीका और भारत भी चार-चार जीत हासिल कर सकते हैं और ऐसे में अंतिम चार में पहुंचने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा. ऑस्ट्रेलिया का आखिरी मैच रविवार को लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ होगा ऑस्ट्रेलिया अभी तक हमेशा इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है।

जारी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम अभी तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है. पहले मैच में उसे भारत से 64 रनों से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरे मैच में साउथ अफ्रीके ने उन्हें 2 विकेट से मात दी और तीसरे मैच में बांग्लादेश ने भी उनको 23 रनों से हराकर टूर्नामेंट से ही बाहर कर दिया. उसके बाद अब ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें 113 रनों से मात दी है. पाकिस्तान का आखिरी ग्रुप मैच 27 जून को नीदरलैंड्स से होगा, जिसमें वो मैच जीतकर अपनी साख बचाने की कोशिश करेगी.

## हॉकी इंडिया ने यूके दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला टीम का किया ऐलान, शिलेमा चानू बनीं कप्तान

नई दिल्ली (ए.)। हॉकी इंडिया ने 5 से 14 जुलाई तक यूनाइटेड किंगडम (यूके) में होने वाले एक्सपोजर टूर के लिए 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम नए मुख्य कोच टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में कुल सात मैच खेलेगी।यह दौरा जूनियर एशिया कप और अन्य आगामी



अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारियों का अहम हिस्सा है। इस दौरान खिलाड़ियों को विदेशी परिस्थितियों में खेलने का अनुभव मिलेगा, जिससे उनके खेल और आत्मविश्वास में सुधार होगा। युवा भारतीय टीम की अगुवाई कप्तान खैदेम शिलेमा चानू करेंगी, जबकि निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज दो गोलकीपर होंगी। डिफेंसिव यूनिट में पूजा साहू, सुप्रिया, मधु, एफ. लालबी अक्सियामी, लालनेइहपुई और पार्वती टोपनो शामिल हैं। मिडफील्ड में कप्तान चानू, तनुजा टोप्पो, सुप्रिया कुजूर, पूजा मलिक, बिनिमा धन, गीता यादव, रोशनी आइंद और तनुश्री दिनेश कडू शामिल हैं। फॉरवर्ड लाइन में सुखवीर कौर, शशि खासा, लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, काजल, सनिका चंद्रकांत माने और कृष्णा शर्मा को जगह दी गई है।

# फीफा वर्ल्ड कपः कोलंबिया ने बनाई नॉकआउट स्टेज में जगह, डीआर कांगो को 1-0 से हराया



गुआडालाहारा (ए.)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप के मुकाबले में कोलंबिया ने डीआर कांगो को 1-0 से हराया। ग्वाडालाहारा स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ ही कोलंबिया ने एक मैच बाकी रहते हुए ही राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह बना ली है। मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल दूसरे हाफ में डेनियल मुनोज ने किया। मुनोज ने एक डिफ्लेक्टेड शॉट पर गोल दागकर कांगो के मजबूत डिफेंस को भेदा। इससे पहले, मैच में डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल मपासी ने कई शानदार बचाव किए और कोलंबिया के कई शॉट्स गोल पोस्ट में जाने से रोके। पहले हाफ में कोलंबिया ने लगातार दबाव बनाया। जेम्स रोड्रिगेज, लुइस डियाज, और गुस्तावो पुएर्ता के शॉट्स को मपासी ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल में तब्दील नहीं होने दिया। डेनियल मुनोज ने भी कई मौके बनाए, लेकिन शुरुआती हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।डीआर कांगो के पास भी गोल करने के कई मौके आए, लेकिन टीम इन्हें भुनाने में नाकाम रही। एडो कायम्बे का एक लंबी दूरी का शॉट बाहर चला गया। वहीं, योएन विसा का हेडर भी गोल पोस्ट में नहीं पहुंच सका। दूसरे हाफ में कोलंबिया ने आक्रामक खेल दिखाया और डीआर कांगो के डिफेंस पर दबाव बनाने का प्रयास किया। लुइस डियाज ने गोल करने का शानदार मौका बनाया, लेकिन एक बार फिर डीआर कांगो के गोलकीपर मपासी उनके सामने चट्टान की तरह खड़े रहे। डीआर कांगो के मजबूत डिफेंस को देखकर एक समय पर लग रहा था कि यह मुकाबला ड्रॉ रहेगा, लेकिन मैच के 76वें मिनट में आखिरकार मुनोज को सफलता मिली और उन्होंने कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच में लुइस डियाज के दो गोल ऑफसाइड करार दिए गए, जिससे कोलंबिया की बढ़त और बड़ी नहीं हो सकी। इसके बावजूद टीम ने अपनी लीड को बनाए रखा और डीआर कांगो को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ ही कोलंबियो ने ग्रुप के में 2 मुकाबले जीतकर टॉप 2 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। टीम के कुल 6 प्वाइंट हो गए हैं। अगले मुकाबले में कोलंबिया की भिड़ंत पुर्तगाल से 28 जून को होनी है।

## फीफा विश्व कप 2026: नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर नॉकआउट में बनाई जगह

नईदिल्ली, (आरएनएस)। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई के एक मैच में नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर नॉकआउट चरण में जगह पक्की कर ली। वहीं, सेनेगल 2 मैच गंवाकर विश्व कप से बाहर होने की दहलीज पर पहुंच गई है। मैच में सेनेगल ने आखिरी पलों में वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। नॉर्वे के लिए एर्लिंग ब्राउट हालैंड और सेनेगल से इस्माइला सार ने 2-2 गोल दागे। आइए मैच के आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरुआत में सेनेगल की रक्षापंक्ति ने नॉर्वे के हमलों को रोके रखा, लेकिन 43वे मिनट में नॉर्वे को सफलता मिल गई। स्थानापन्न खिलाड़ी मार्कस होल्मग्रेन पेडरसन ने पहला गोल दागा। यह गोल सेनेगल के कप्तान कालिदू कौलिबाली और गोलकीपर एडुआर्ड मेंडी के बीच तालमेल की कमी और खराब क्लीयरेंस का फायदा उठाते हुए किया गया था। इस तरह पहले हाफ की समाप्ति पर नॉर्वे 1-0 से आगे था।

दूसरे हाफ में कुल 4 गोल देखने को मिले। 48वे मिनट में नॉर्वे के मार्टिन ओडेगार्ड के सटीक पास पर स्टार स्ट्राइकर हालैंड ने गोल करते हुए बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद 53वें मिनट में सेनेगल के सादियो माने के पास पर इस्माइला सार ने गोल में बदलकर स्कोर 2-1 कर दिया। 58वे मिनट में नॉर्वे के पैट्रिक बर्ग से मिले एक बेहतरीन क्रॉस पर हालैंड ने बेहतरीन गोल कर बढ़त को 3-1 कर दिया।

3-1 से पिछड़ने के बाद सेनेगल के इस्माइला सार ने 90+3वें मिनट (इंजरी टाइम) में व्यक्तिगत रूप से एक और गोल दागकर स्कोर 3-2 कर दिया, लेकिन इसके तुरंत बाद फाइनल सीटी बज गई। इस तरह नॉर्वे ने 3-2 से जीत दर्ज कर ली।

# राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं आमजन से की भेंट, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश, बांटी भजन सामग्री



होशंगाबाद (ए.)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए आगंतुकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने प्राप्त आवेदनों एवं जनसमस्याओं पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन प्रदान किया। सांसद श्रीमती नारोलिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य जनसेवा है और प्रत्येक कार्यकर्ता जनता तथा संगठन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से नियमित रूप से जनसंपर्क बनाए रखने तथा आमजन की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का आग्रह किया।इस अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राघव भजन मंडल, राघव नगर रसूलिया की सदस्य मोनिका चौहान, संगीता चौहान, मोनिका जोशी, कृष्णा पाठक एवं नीलिमा निमाड़े को भजन सामग्री भेंट की गई। भजन मंडल की सदस्यों ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। सांसद श्रीमती नारोलिया ने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी सुझावों एवं समस्याओं को सुना तथा संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और निरंतर सक्रियता पर आधारित है।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा के लिए 5 जुलाई तक करें आवेदन

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनांतर्गत जिले के बुजुर्गों को हरिद्वार-ऋषिकेश की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा 19 जुलाई 2026 से 22 जुलाई 2026 तक आयोजित होगी।

उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नर्मदापुरम (नोडल अधिकारी तीर्थ यात्रा) डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग, वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार जिले को 196 तीर्थयात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। चयनित यात्रियों को हरिद्वार-ऋषिकेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। इच्छुक पात्र हितग्राही अपना आवेदन 5 जुलाई 2026 तक जिले की संबंधित स्थानीय निकायों में जमा कर सकते हैं। स्थानीय निकायों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र यात्रियों का पंजीयन 5 जुलाई तक ही https://dpms.mp.nic.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की तिथियां घोषित, 15 जुलाई को होगा मतदान



नर्मदापुरम (निप्र)। जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. एस. पटेल ने जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी टी. एस. चौहान, राजेश अग्रवाल सहायक निर्वाचन अधिकारी रामकुमार दुबे, अभिषेक शुक्ला एवं प्रशांत पालीवाल की उपस्थिति में सभी अधिवक्ताओं के समक्ष 15 जुलाई को मतदान कराए जाने की घोषणा की गई। श्री पटेल ने निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 27 जून से 29 जून तक नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे, जबकि 30 जून एवं 1 जुलाई को नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। 2 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी तथा 3 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। इसी दिन अंतिम प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी जाएगी।उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया जाएगा तथा दोपहर 3 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी।बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता एस. एम. ठाकुर, एम. एस. चौहान, रमेश परिहार एवं के. के. जराठे सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सभी योजनाओं को वार्ड से बस्ती स्तर तक पहुंचाने का काम हम सभी मिलकर करेंगे : मंडल अध्यक्ष राजपूत



नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा नर्मदापुर मंडल की शक्ति केंद्र 7 रुद्र वार्ड नं 30,32 की बैठक भाजपा कार्यकर्ता दिलीप यादव के निज निवास नुक्कड़ चौक ग्वालटोली में आयोजित हुई। शक्ति केंद्र की बैठक में सभी सम्माननीय अतिथियों से पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक प्रारंभ की,मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ने कहा कि सभी योजनाओं को वार्ड से बस्ती स्तर तक पहुंचाने का काम हम सभी मिलकर करेंगे ,बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे मंडल के प्रभारी चरणजीत सिंह ने केंद्र शासित एवं प्रदेश की योजनाओं के बारे में सभी को अवगत कराया,संचालन नितिन यादव एवं आभार कमल चव्हाण ने किया ।

बैठक में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक महाला,शक्ति केंद्र संयोजक नंदकिशोर यादव,रूपराम यादव,अर्जुन मालवीय,पार्षद श्रीमति रेखा यादव ,पार्षद सिमरन रायकवार,राकेश सराठे,लखनलाल यादव,सुमित गौर,रोशनी वर्मा,अभिषेक रायकवार,मनीष परदेशी,देवानंद यादव,ऋषभ शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

### नानपा में अवैध रूप से संग्रहित रेत जप्त, प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में संयुक्त दल द्वारा 23 एवं 24 जून 2026 को तहसील डोलरिया अंतर्गत ग्राम नानपा में अवैध रूप से रेत का भंडारण पाए जाने पर प्रभावी कार्रवाई की गई।निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित रेत मिलने पर संबंधित स्थल पर तत्काल रोक लगाते हुए समस्त रेत को जप्त किया गया। जप्त रेत को डंपरों के माध्यम से तहसील परिसर में सुरक्षित रखवाया गया है, ताकि आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के अनुसार जप्त रेत के निस्तारण एवं अवैध रेत भंडारण से संबंधित प्रकरण पंजीबद्ध करने की कार्रवाई की जा रही है।उल्लेखनीय है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में नायब तहसीलदार डोलरिया आलोक भद्र, खनि निरीक्षक सुश्री पिंकी चौहान, प्रभारी खनि निरीक्षक कृष्णकांत परस्ते, डोलरिया पुलिस टीम सहित राजस्व एवं खनिज विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में साइबर जागरुकता सेमिनार, छात्रों को बताए डिजिटल ठगी से बचने के टिप्स

नर्मदापुरम (निप्र)। साइबर अपराधों से बचाव को लेकर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, नर्मदापुरम में बुधवार को साइबर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को सोशल मीडिया फ्रॉड, OTP ठगी और नए डिजिटल अपराधों से सतर्क करना था। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना प्रभारी श्रीमती मौर्य और देहात थाना प्रभारी श्रीमती ऊषा मारवी शामिल हुईं। श्रीमती मौर्य ने छात्रों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, OTP किसी से साझा न करें और सभी अकाउंट के लिए मजबूत पासवर्ड रखें। फेसबुक, इंस्टाग्राम पर प्राइवेसी सेटिंग चेक करने की सलाह भी दी। वहीं श्रीमती ऊषा मारवी ने डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराध के तरीके समझाए। उन्होंने बताया कि ठग खुद को पुलिस या CBI अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं और लोगों को डराकर पैसा मांगते हैं। उन्होंने साफ किया कि भारत में कोई भी सरकारी एजेंसी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती।

## शहर की स्वच्छता में कसावट लाने सीएमओ ने ली स्वच्छता टीम की बैठक

### एक सप्ताह में शहर के समस्त नाले नालियों की सफाई करें : सीएमओ वैभव देखमुख

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा स्वच्छता शाखा की बैठक ली गई। बैठक में सीएमओ श्री देशमुख ने सफाई टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह में नगर के समस्त बड़े नाले नालियों की सफाई हेतु विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। जहां कहीं नाले नालियों पर पक्के अतिक्रमण कर लिए गए हैं उन्हें तत्काल हटाए जाएं। बैठक में स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी, पर्यवेक्षक संजय लुटारे, विशाल शर्मा, प्रशांत अवस्थी, अरविंद बड़गूजर, बैजू लुटारे, आलोक दोहरे आदि उपस्थित थे।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि सीएमओ श्री देशमुख द्वारा सफाई कर्मचारियों की बैठक ली गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई अभियान में जो भी संसाधनों की जरूरत होगी वह तत्काल उपलब्ध करा दिए जाएंगे। कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ श्री देशमुख द्वारा स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान चलाएं। साथ ही समझाइश दें। इसके बाद भी कोई गंदगी करता है तो उस पर जुर्माने की कार्रवाई करें।

# शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन मे एक सप्ताह में विभागीय प्रदर्शन सुधारें अधिकारी, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

## सीमांकन, नामांतरण और बंटवारे के लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित शासकीय योजनाओं, अभियानों एवं विभागीय कार्यों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग तथा जिले में उनकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा समय-सीमा में लंबित मामलों के निराकरण के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन तहसीलों में सीमांकन के मामले समय-सीमा से बाहर होने की स्थिति में हैं, उनका निराकरण आगामी दो दिवस में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कोई भी प्रकरण समय-सीमा के बाहर नहीं होना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण किट वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए वितरण में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक किट पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही टीवी मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीडीपीओ द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप क्षेत्रीय भ्रमण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित संख्या में भ्रमण नहीं किया गया है, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र (एससीएन) जारी किए जाएं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर विभागीय योजनाओं एवं अभियानों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप प्रगति नहीं दिखाई जाएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वनाधिकार संबंधी निरस्त एवं नवीन दावों के निराकरण को अभियान मोड में करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन अधिकार से संबंधित दावों के निराकरण में भी अपेक्षित प्रगति लाने पर जोर दिया।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में शेष नल-जल योजनाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर समस्याओं का समाधान करते हुए आगामी एक माह में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक को विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की संख्या कम करने के लिए विशेष रणनीति बनाने के निर्देश दिए।

## नगरीय निकाय एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

### अब फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को

नर्मदापुरम (निप्र)। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे।दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

# खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने अग्रिम उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें

### एसडीएम विजय राय ने समिति प्रबंधकों एवं कृषि अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में तहसील सिवनी मालवा क्षेत्र की सभी सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम विजय राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसानों को खाद (उर्वरक) के अग्रिम उठाव के लिए प्रोत्साहित करने तथा खाद वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।एसडीएम विजय राय ने बताया कि कलेक्टर सोमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण के लिए सुदृढ़ व्यवस्था बनाई गई है। सोसायटियों, डबल लॉक केंद्रों तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें खाद प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े। बैठक में समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के किसानों को खाद के अग्रिम उठाव के लिए प्रेरित करें तथा ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से समय पर बुकिंग कराकर खाद प्राप्त करने के लिए जागरूक करें। शासन द्वारा लागू ई-टोकन व्यवस्था के माध्यम से खाद वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है, जिससे किसानों को सुविधा के साथ उर्वरक उपलब्ध हो सके। एसडीएम श्री राय ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी समितियों के सदस्यों के व्हाट्सएप समूह बनाए गए हैं। साथ ही स्थानीय स्तर पर मुनादी एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को अग्रिम उठाव के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों के साथ भी बैठक आयोजित कर अग्रिम बुकिंग एवं खाद उठाव के संबंध में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया था। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में सिवनी मालवा क्षेत्र की सभी 23 समितियों में प्रतिदिन प्रति समिति 200 टोकन तथा डबल लॉक केंद्रों पर 300 टोकन बुक कराने की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त निजी खाद विक्रय केंद्रों पर भी टोकन बुक कराए जा सकते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में वर्तमान में खाद की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। एसडीएम विजय राय ने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए कि खाद वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा किसानों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे समय रहते अपनी आवश्यकता के अनुसार खाद का अग्रिम उठाव करें, जिससे आगामी कृषि कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## रेशम समृद्धि योजनाः 2026-27 में निजी भूमि पर मलबरी पौधरोपण के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

नर्मदापुरम (निप्र.)। रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने रेशम समृद्धि योजना के तहत 2026-27 के लिए निजी भूमि पर मलबरी पौधरोपण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन अब ई-रेशम पोर्टल पर किया जा रहा है। योजना के तहत किसान अपनी एक एकड़ सिंचित भूमि पर शहतूत यानी मलबरी का पौधरोपण करके रेशम कीट पालन का कार्य शुरू कर सकते हैं।

जिला रेशम अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि यह योजना कम लागत में अधिक आय अर्जन का अच्छा स्रोत है। इसका मुख्य उद्देश्य रेशम उत्पादन को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत एक एकड़ क्षेत्र में मलबरी पौधरोपण की कुल लागत 5.00 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसमें सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा। जिसमें सामान्य वर्ग के किसान 75 प्रतिशत तक अनुदान के पात्र व अनुसूचित जाति/जनजाति के किसान 90 प्रतिशत तक अनुदान के पात्र होंगे। शेष बची राशि किसानों को स्वयं वहन करनी होगी। इच्छुक किसान ई-रेशम पोर्टल पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी रेशम विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।



# गायत्री जयंती के अवसर पर अखण्ड जाप एवं 5 कुण्डीय गायत्री यज्ञ सम्पन्न

नर्मदापुरम,(निप्र)। स्थानिय सेठानी घाट स्थित गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री जयंती का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 24 घंटे का अखण्ड गायत्री मंत्र जाप आयोजित किया गया, जिसमें गायत्री परिवार के साधकों एवं परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर मंत्र-जाप किया।गायत्री परिवार के जिला समन्वयक अनुराग मिश्रा ने बताया कि गायत्री जयंती के पावन अवसर पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक परिजनों ने आहुति अर्पित कर विश्व कल्याण एवं सद्भावना की कामना की।इस अवसर पर 3 गुरु दीक्षा संस्कार, 1 जन्मदिवस संस्कार तथा 4 विवाह दिवस संस्कार भी सम्पन्न कराए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजनों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सम्पूर्ण वातावरण गायत्री महामंत्र के मधुर उच्चारण एवं यज्ञ की दिव्य सुगंध से भक्तिमय बना रहा।

## बीएसआई की जमीने बिकने की बाज़ार में अफ़वाह या सच्चाई स्पष्ट करे प्रशासन-राजीव गुजराती

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जिला कलेक्टर को पत्र जारी कर स्पष्ट जानकारी चाही है कि विगत दिनों समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है कि बी.एस.आई.लि. सीहोर की अचल सम्पत्ति 150 एकड़ की सीलिंग से मुक्त की गई है उस सम्पत्ति 150 एकड की न्यायालय द्वारा परिसमापक (ऑफिसियल लिक्वीडेटर) 2014 से नियुक्त है जब परिसमापक ने अपनी कार्यवाही शुरू की तब कम्पनी ने परिसमापक की कार्यवाही को अवरोध करने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय में अपील नम्बर 6/19 दायर कर परिसमापक की कार्यवाही पर रोक लगाने का प्रयास किया जो आज दिनांक तक मा. उच्च न्यायालय में लम्बित हैं ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com